


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 73 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 26 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## छत्तीसगढ़ में शीतलहर का अलर्ट नए साल में पड़ेगी कड़ाके की ठंड

### दिसंबर गर्म अब जनवरी में पड़ेगी ठंड, उत्तर भारत में भी कोल्ड अटैक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दिसंबर माह में अब तक छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड का अहसास नहीं हुआ है। शीत ऋतु में प्रदेश का तापमान अपेक्षाकृत वैसा नहीं रहा जिसकी उम्मीद की जा रही थी। हालांकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड का अनुमान जताया है। नए साल में छत्तीसगढ़ के लोगों को कड़ाके की ठंड का अनुभव मिल सकता है। आने वाले समय में शीतलहर का भी अलर्ट जारी किया गया है।

एक ओर जहां छत्तीसगढ़ में मौसम जहां शुष्क हैं वहीं उत्तर भारत में कोल्ड अटैक हुआ है। दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्य ठंड से ठिठुर रहे हैं। दिसंबर के आखिरी हफ्ते में उत्तर भारत के राज्यों में ठंड ने अपना रंग दिखा दिया है। मौसम विभाग ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में कोल्ड डे की स्थिति बरकरार रहने की संभावना जताई है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 4 डिग्री तक पहुंच गया है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले 3-4 दिन ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है।



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कड़ाके की सर्दी का सितम दिखाई दे रहा है। दिल्ली में आज (सोमवार), 26 दिसंबर की सुबह न्यूनतम पारा 4 डिग्री तक गिर गया है. आयानगर में तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया तो सफ्दरजंग में पांच डिग्री टेम्प्रेचर रिकॉर्ड हुआ है। इसके अलावा पालम में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री दर्ज किया गया है।

#### यहां है कड़ाके की ठंड

राजस्थान के चुरू में पारा शून्य तक पहुंच गया है। जबकि फतेहपुर शेखावाटी में पारा माइनस 1.5 पहुंच दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने घने कोहरे और शीतलहर की चेतावनी दी है। वहीं जम्मू कश्मीर में भी पारा माइनस में है। हरियाणा के हिसार से लेकर पंजाब और चंडीगढ़ के तमाम इलाकों में सुबह के समय कोहरा पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शीतलहर के साथ कोहरे का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश भी ठंड, कोहरे और शीतलहर की चपेट में है। राष्ट्रीय राजधानी लखनऊ में आज न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है।

## खास खबर...

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों को दी 25 सालों से लंबित भू-अर्जन की राशि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर 20 से 25 वर्षों से लंबित भू-अर्जन मुआवजा की राशि आज किसानों को मिली। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में भेंट मुलाकात के दौरान किसानों, ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर मुआवजा वितरित करने के निर्देश दिए थे, जिसके परिपालन में आज राशि का वितरण मुख्यमंत्री के हाथों किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2144 हितग्राहियों को कुल 14 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक राशि वितरित की विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के भू अर्जन मुआवजा के रूप में 52 हितग्राहियों को 6.97 करोड़ रुपए की राशि वितरित की गई, जो 20 से 25 वर्षों से लंबित थी चिटफंड ठगी का शिकार 146 हितग्राहियों को 11.49 लाख रुपए और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 1946 हितग्राहियों को 7.26 करोड़ रुपए की राशि वितरित की।

### छत्तीसगढ़ में फूड प्वाइजनिंग से 60 से अधिक लोग बीमार

**सूरजपुर।** से बड़ी खबर सामने आई है। यहां फूड प्वाइजनिंग से लगभग 60 से अधिक ग्रामीण बीमार हो गए है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बीमार हुए लोगों में महिला और बच्चे भी शामिल है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों का ईलाज कर रही है। घटना सूरजपुर जिले के विशुनपुर गांव की है। यहां बड़ी संख्या में महिला और बच्चे समेत लगभग 60 ग्रामीण बीमार हो गए है। बताया जा रहा है कि, दशगात्र के कार्यक्रम में भोजन करने के बाद सभी लोगों की तबीयत बिगड़ी है। गांव में स्वास्थ्य अमला मौके पर पहुंचकर कैंप लगाया है। वहीं 37 मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### लोन फ्रॉड केस में चंदा कोचर के बाद अब वीडियोकॉन के मालिक वेणुगोपाल धूत गिरफ्तार

**नईदिल्ली।** बैंक लोन फ्रॉड केस में केंद्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने इस मामले में वीडियोकॉन के मालिक वेणुगोपाल धूत को गिरफ्तार किया है। इससे पहले सीबीआई ने इस मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि जब चंदा कोचर आईसीआईसीआई बैंक की कमान संभाल रही थीं, तब उन्होंने वीडियोकॉन ग्रुप को लोन दिया था। बदले में चंदा के पति दीपक कोचर की कंपनी नू रिन्यूएबल को वीडियोकॉन से निवेश मिला था। वीडियोकॉन ग्रुप को 3,250 करोड़ का बैंक लोन देने के मामले में सीबीआई ने पिछले हफ्ते आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी और सीईओ चंदा कोचर और उनके दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद दोनों को मुंबई की विशेष कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। इस अवसर पर मंत्री कवासी लखमा, स्डॉ. प्रेमसाय सिंह, यशोदा वर्मा आदि उपस्थित रहीं।

## भारत में कोविड टेस्टिंग तेज बूस्टर डोज के लिए लंबी लाइन

■ **तेलंगाना में 400 फीसदी बढ़ी संख्या**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 196 केस सामने आए हैं। अब देश में एक्टिव केस 3,428 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में देशभर में 35173 टेस्ट किए गए। यानी पॉजिटिविटी रेट 0.56 प्रतिशत रहा. रविवार को 190 मरीज कोरोना से ठीक भी हुए।

देश में अब तक कोरोना के 90.99 करोड़ टेस्ट किए जा चुके हैं. वहीं, 24 घंटे में 35173 टेस्ट किए गए हैं। भारत में एक्टिव केस 3428 हैं. यह कुल केस का 0.01 फीसदी हैं। भारत में डेली पॉजिटिविटी रेट 0.56फीसदी, जबकि वीकली पॉजिटिविटी केस 0.16फीसदी है।

भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वैक्सीन की 29818 वैक्सीन डोज लगी हैं। अब तक 220.05 करोड़ वैक्सीन लग चुकी हैं। जबकि इनमें से 95.12 करोड़ सेकेंड डोज हैं। वहीं 22.37 करोड़ बूस्टर डोज हैं। देश में अब तक कुल 4,46,77,302 केस मिल चुके हैं। वहीं कोरोना से 5.3 लाख लोगों की जान जा चुकी है।



भारत में कोरोना का बीएफ.7 वैरिएंट डिटेक्ट होने के कुछ दिन बाद ही लोग वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाने में तेजी दिखाने लगे हैं। यही वजह है कि अब कई सेंटर्स पर लंबी लंबी लाइनें भी दिखाई देने लगी हैं। तेलंगाना में 400 फीसदी तो ओडिशा में 8 गुना ज्यादा लोग बूस्टर डोज लगवाने पहुंचे। अभी तक सिर्फ 22.37 करोड़ बूस्टर डोज ही लगी हैं।

#### दुनियाभर में बढ़ रहे केस

पिछले 24 घंटे में दुनियाभर में कोरोना के 2.89 लाख केस सामने आए हैं। इस दौरान 616 लोगों की मौत हुई है। जापान में 1.49 लाख केस मिले हैं। जबकि यहां कोरोना से 306 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। वहीं दक्षिण कोरिया में 58448 केस मिले हैं। जबकि 46 लोगों की कोरोना से मौत हुई। अमेरिका में इस दौरान 4696 केस मिले हैं।

## देवकीनंदन महाराज को जिंदा जलाने की धमकी

■ **सऊदीअरब से आया था फोन, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा**

**मुंबई (एजेंसी)।** भागवत कथा वाचक और वृंदावन में ठाकुर श्री प्रियाकान्त जू मंदिर के संस्थापक देवकीनंदन महाराज को जिंदा जलाने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है महाराज को यह कॉल सउदी अरब से आया था और अज्ञात कॉलर ने गाली गलौच करते हुए चौक पर जिंदा जलाने की धमकी दी। देवकीनंदन महाराज इस समय खारघर मुंबई में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। वहीं उन्हें धमकी मिलने के बाद महाराष्ट्र पुलिस कॉलर के खिलाफ अपराध दर्ज कर महाराज की सुरक्षा बढ़ा दी है।

मिली जानकारी के अनुसार देवकीनंदन महाराज के पर्सनल मोबाइल नंबर पर यह कॉल आया था। जिसे रिसीव करने पर फोन करने वाले शख्स ने महाराज पर मुसलमानों के खिलाफ बोलने का आरोप लगाया और फिर वह अश्लील गालियां देने लगा। महाराज के विरोध करने पर उन्हें बम से उड़ाने और चौक पर जिंदा जलाने की धमकी दी गई। डेढ़ मिनट के कॉल का उनके साथी ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। इस मामले में पुलिस ने 298, 504, 506, 507 धाराओं के तहत एक एनसीआर दर्ज की है।



#### इससे पहले भी मिली हैं धमकियां, हमले की भी हुई थी कोशिश

हिंदुत्व की प्रखर आवाज बने देवकीनंदन महाराज को इससे पहले भी कई बार जान से मारने और टुकड़े-टुकड़े करने की धमकियां मिल चुकी हैं। जिसमें प्रियाकान्तजू मंदिर पर किसी मुस्लिम संगठन के नाम से पत्र मिला था। इसमें हिंदुत्व के प्रचार पर सामूहिक नरसंहार की चेतावनी लिखकर भेजी गई थी। वृन्दावन कोतवाली में भी इस सबंध में मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त एक बार कथा के लिए दिल्ली जाते समय उनकी गाड़ी को रोककर हमले की कोशिश भी हो चुकी है।

## दस दिन से लापता बालक का सड़क किनारे मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** सूरजपुर में सातवीं कक्षा के एक छात्र की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उसका शव रविवार दोपहर सड़क किनारे पड़ा मिला है। गले में रस्सी के निशान है। छात्र करीब 10 दिन से लापता था। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया और पंचनामा कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मामला भटगांव थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत भटगांव वार्ड-8 निवासी अमन सोनवानी (14) पुत्र संतराम सोनवानी 15 दिसंबर की सुबह 11 बजे घर से खाना खाकर निकला था। इसके बाद से वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इस पर अमन की मां फुलेश्वरी सोनवानी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी।

इस बीच भटगांव के दुग्गा खदान के पास नीली झील मार्ग पर रविवार दोपहर एक बच्चे का शव पड़ा दिखाई दिया। इस पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव के अमन का होने की आंशका जताई। इसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। उन्होंने शव की शिनाख्त अमन के रूप में कर ली। उसके गले में रस्सी के निशान मिले हैं। आशंका है कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। थाना प्रभारी शरद चंद्रा ने बताया कि, अमन सोनवानी शासकीय प्राथमिक स्कूल उपरपारा में कक्षा सातवीं का छात्र था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## मां ने मोबाइल छीना तो बेटा फांसी पर झूला ऑनलाइन एप से गेम खेलने का था आदी

■ **मोबाइल पर गेम खेलने पर रोज डांटती थी मां**

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में मोबाइल पर गेम खेलने से मना करने 10 साल के बच्चे ने खुदकुशी कर ली। मां की डांट के बाद मासूम ने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लखनऊ के थाना हुसैनगंज के चितवापुर इलाके का यह मामला है।

दरअसल, पति की मौत के बाद कोमल (40) अपने बेटे आरुष (10 वर्ष) और बेटी विदिशा (12 वर्ष) के साथ पिता के घर रहती हैं। परिजनों के मुताबिक, बेटा आरुष कई दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था। वहीं, घर पर वह दिनभर मोबाइल गेम खेला करता था। इसको लेकर उसे कई बार समझाया भी गया। इसबीच, घटना वाले दिन मां ने बेटे की जमकर पिटाई कर दी और उसके हाथों से मोबाइल छीनकर बाहर चली गई। उसी दौरान गुस्से में आरुष ने अपनी बहन विदिशा को कमरे के बाहर भेज दिया और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक अंदर से बच्चे की आवाज न आने पर घरवालों ने उसे पुकारा, लेकिन कोई सुगबुगाहट न होने पर जब दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि मासूम फंदे पर लटका हुआ है।

आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। डीसीपी सेंट्रल जोन अपर्णा रजत कौशिक के मुताबिक, बच्चे से सुसाइड किया है। मां की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। परिजनों के मुताबिक, बच्चा मोबाइल पर गेम ज्यादा खेलता था और मां फ्टकार लगाती थी, इसी से नाराज होकर उसने यह कदम उठा लिया।

## परिवार के साथ घूमने गया था कारोबारी, इधर चोरों ने साफ कर दिया घर, लाखों रुपए कैश व जेवर पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जिले में एक ट्रांसपोर्टर के घर पर लाखों रुपए चोरी का मामला सामने आया है। सरकंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले यह ट्रांसपोर्टर अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए थे। रविवार शाम को लौटे तो घर का ताला टूटा था और घर के भीतर अलमारी का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर से लाखों रुपए के जेवर व कैस पार कर दिया था। इस मामले में सरकंडा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजकिशोर नगर के कल्याण बाग निवासी सच्चिदानंद मंगलानी (45) ट्रांसपोर्टिंग का कारोबार करते हैं। शनिवार को वे अपने पूरे परिवार के साथ रायपुर गए। इसके बाद रविवार शाम को वे बिलासपुर वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। घर के भीतर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और उसमें रखा पांच लाख रुपए कैश गायब है। वहीं लगभग 7 से 8 लाख रुपए के जेवर भी चोरों ने पा कर दिए।

इधर शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। रविवार को घटना स्थल का दौरा कर आसपास के सीसी टीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। खासबात यह है कि ट्रांसपोर्टर ने अपने घर पर सीसी टीवी कैमरे लगवाए हैं लेकिन चोरों ने पकड़े जाने के डर से डीवीआर ही उठाकर ले गए। अब पुलिस के सामने चोरों को पकड़ने की चुनौती है। हालांकि सरंकडा थाना प्रभारी ने दावा किया है जल्द ही इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## गोवा और छत्तीसगढ़ के बीच ड्रग्स का बहनापा

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ से एक खास उम्र के युवा छुट्टियों में हमेशा गोवा जाने का प्लान बनाते हैं। इन युवाओं में सबसे बड़ी संख्या भिलाई-दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर के युवाओं की होती है। छत्तीसगढ़ के इन शहरों में होस्टल या पीजी में रहने वाले विद्यार्थियों की संख्या काफी है। पहले तो वहां का समुद्रतट ही इन्हें बुलाता था पर धीरे-धीरे वहां की लाइफ स्टाइल, ईजी सेक्स और ड्रग्स उनका प्रमुख आकर्षण बन गया। समूह में मस्ती करने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है। देर रात की पार्टियां, नशीले पदार्थों का सेवन और फिर छिटपुट अपराध का अपना एक अलग सिलसिला होता है। पहले जहां ये ग्रुप केवल लड़कों के होते थे वहीं अब इनमें लड़कियां भी बराबर की भागीदारी कर रही हैं। कुछ साल पहले हुक्का पार्लर क्रेज आया था। पूत के पांव पालने में दिख गए थे। यहां युवतियां जमकर हुक्का के कश लगाती थीं. हुक्का का बिल भरने के लिए ही शायद, साथ में कोई लड़का होता था। शहर में एक नाइट क्लब जैसी सुविधा भी टीआई मॉल में शुरू हुई। वहां भी बच्चे नशीले पदार्थों का प्रयोग करते पाए गए। इनका खुलासा भी तब हुआ जब यहां मारपीट की घटना के बाद पुलिस पहुंची। लगभग दो दशक पहले राजधानी रायपुर में रेव पार्टियों का चलन प्रारंभ हुआ था। देर रात यहां से नशे में चूर युवा निकलते थे। नशा इतना होता था कि इनकी गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ जाती थी. ऐसे कई मामले पुलिस के खातों में दर्ज हैं। पर किसी ने भी इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया. इन शहरों से बच्चे पढ़ने लिखने के लिए बाहर जाते रहे और वहां की संस्कृति को अपने साथ यहां लाते रहे। इनमें से कुछ बच्चे नशाखोरी की चपेट में भी आए और उन्होंने नशे का एक रूट भी तैयार कर लिया. अब यह एक स्वतंत्र व्यवसाय बन गया है। रायपुर के हवाईअड्डे पर पिछले दिनों एक युवती पकड़ी गई थी। उसके कब्जे से ड्रग्स मिला था. बताया गया कि वह ड्रग्स की डिलिवरी देने के लिए गोवा जा रही थी। अब दो लड़कियां अपने बॉयफ्रेंड्स के साथ पकड़ी गई हैं। इनके कब्जे से भी ड्रग्स मिले है। अब यह बताया गया कि ये लड़कियां गोवा से ड्रग्स लेकर आई थीं जिसे वे न्यू ईयर पार्टी में खपाने वाली थीं। यह दल 20 लाख की एक कार में बैठकर धंधा करता था। उनकी गाड़ी नाइट क्लब, पॉश होटल के सामने या उसकी पार्किंग में जा खड़ी होती थी और ग्राहक आकर अपना माल ले जाते थे। जाहिर है कि यह एक मजबूत नेटवर्क है जिसमें क्रेता और विक्रेता दोनों एक दूसरे के जानते हैं। पुलिस को टिप तभी मिलती है जब कोई असंतुष्ट ग्राहक या प्रतिस्पर्धी विक्रेता इसकी सूचना उसे देता है। उद्देश्य एक ही है ङ्क फास्ट मनी. लोगों को येन-केन प्रकारेण मालदार बनना है। फिलहाल तीन ही रास्ते हैं जमीन, सट्टा और ड्रग्स. इसे रोकना अकेले पुलिस के लिए संभव नहीं।



## संपादकीय

# विज्ञान से उम्मीद

साल 2022 में विज्ञान ने हमें खूब सहारा दिया और कुछ अलग हटकर सोचने का मौका भी। इसमें कोई संदेह नहीं कि महामारी के समय विज्ञान के प्रति लोगों का भरोसा बहुत बढ़ा है और समाज को इससे व्यापक फायदे भी हो रहे हैं। हर व्यक्ति प्रौद्योगिकी पर अब पहले से कहीं अधिक भरोसा करने लगा है, इससे समाज के डिजिटलीकरण को सबसे ज्यादा बल मिला है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस साल विज्ञान जगत में भी सबसे ज्यादा चिंता महामारी की हुई है। ओमीक्रोन और उससे मिलते-जुलते वेरिएंट समस्या बने हुए हैं, साल की शुरुआत में भारत में और साल के जाते-जाते चीन में इस वेरिएंट ने वैक्सीन की क्षमता पर सवाल पैदा कर दिए हैं। अमेरिका तो इस वायरस से शायद उबर ही नहीं पा रहा है। वैज्ञानिकों ने समझ लिया है कि कोरोना को भगाने के लिए और गहरे उतरकर शोध करना पड़ेगा। स्पेनिश फ्लू महामारी तो दो साल बाद ठंडी पड़ गई थी, लेकिन कोविड-19 को तीन साल बाद भी चैन नहीं आया है।

> "साल 2022 को इसलिए भी याद किया जाएगा कि इस वर्ष विकसित देश पर्यावरण और जैव संरक्षण के लिए धन खर्च करने को तैयार हुए हैं। तकनीक क्षेत्र की बात करें, तो भारत में यह 5जी के पदार्पण का वर्ष रहा। ऑनलाइन मार्केटिंग रोजमर्रा का हिस्सा बनती जा रही है, पर साइबर सुरक्षा ने हमें चिंता में डाल रखा है। एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान को निशाना बनाया गया। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती है कि अधिक से अधिक लोगों तक सेवा और सुरक्षा सस्ते में पहुंचे।

18 मार्च 2020 के बाद से आज तक दुनिया में कोई दिन ऐसा नहीं बीता है, जब 1000 से कम लोगों की इससे मौत हुई हो।

बहरहाल, यह अच्छी बात है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और वैज्ञानिकों ने वायरस जनित बीमारियों के खतरे को समझ लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन प्राथमिक रोगजनकों की संशोधित सूची जारी करने वाला है। लगभग 300 वैज्ञानिक रोगजनकों की पहचान करने के लिए 25 से अधिक वायरल और जीवाणु परिवारों की समीक्षा करेंगे। ऐसे वायरस का पता लगाया जाएगा, जिनसे भविष्य में संक्रमण विस्फोट की जरा भी आशंका है। वैज्ञानिक पहले से ही ऐसी बीमारी या महामारी के निदान और टीकों पर काम शुरू कर देंगे। स्पेनिश फ्लू केवल फेफड़े पर प्रहार करता था, जबकि कोविड ने अनेक अंगों पर प्रहार किया है। जो मौका कोविड को मिल गया, वैसा मौका वैज्ञानिक किसी अन्य महामारी को देना नहीं चाहते हैं। एक बाधा है, जो विज्ञान की राह रोक रही है। मिसाल के लिए, अफ्रीकी देशों में आधी से भी कम आबादी को कोरोना का एक भी टीका नहीं लगा है। पिछड़े देशों की सरकारों को सचेत रहना होगा, ताकि विज्ञान का लाभ लेने में ये देश पीछे न रह जाएं। एक और खुशखबरी है कि वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 26 वैज्ञानिकों को नियुक्त किया है। शायद हम साल 2023 में कोरोना की असली वजह जान पाएंगे। साल 2022 को अंतरिक्ष अभियानों के लिए भी याद किया जाएगा। अमेरिका के चंद्र अभियान में तेजी आ गई है। चीन भी होड़ कर रहा है। भारत भी जुटा है, भारत का तीसरा चंद्र मिशन, चंद्रयान-3 अगले साल साकार होगा। भारत में निजी रॉकेट लॉन्चिंग को बढ़ावा मिला है। साल 2022 उचित ही जलवायु की चिंता का वर्ष रहा है। कोरोना से दुखी दुनिया जैव संरक्षण के लिए भी सजग होती दिख रही है। साल 2022 को इसलिए भी याद किया जाएगा कि इस वर्ष विकसित देश पर्यावरण और जैव संरक्षण के लिए धन खर्च करने को तैयार हुए हैं। तकनीक क्षेत्र की बात करें, तो भारत में यह 5जी के पदार्पण का वर्ष रहा। ऑनलाइन मार्केटिंग रोजमर्रा का हिस्सा बनती जा रही है, पर साइबर सुरक्षा ने हमें चिंता में डाल रखा है। एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान को निशाना बनाया गया। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती है कि अधिक से अधिक लोगों तक सेवा और सुरक्षा सस्ते में पहुंचे।

## विश्वास करने से लाभ

मोजूद नाम का एक आदमी था। एक छोटे से कस्बे में वह बतौर कनिष्ठ अधिकारी कार्यरत था। एक दिन जब वह अपने घर के पास स्थित बगीचे से गुजर रहा था, तभी सूफियों के रहस्यमय मार्गदर्शक खिद्र उसके सामने प्रकट हुए। खिद्र ने कहा, 'उज्ज्वल संभावनाओं वाले व्यक्ति! अपना काम छोड़ दो और तीन दिन के भीतर मुझे नदी किनारे मिलो।' मोजूद घबरा उठा। घबराहट के आलम में ही वह अपने वरिष्ठ अधिकारी के पास गया और कहा कि मुझे जाना होगा। कस्बे में जिस किसी ने भी इसके बारे में सुना, उसने यही सोचा कि मोजूद पागल हो गया है। लेकिन मोजूद तय दिन खिद्र से मिला। खिद्र ने उससे कहा, 'अपने कपड़े उतारो और खुद को धारा के हवाले कर दो, कोई न कोई तुम्हें बचा ही लेगा।'

मोजूद ने ठीक ऐसा ही किया। वह नदी में कूद पड़ा, लेकिन एक मछुआरे ने उसे अपनी नाव में खींच लिया और उसको अपने झोंपड़े में ले गया। मोजूद को खाना दिया जाता था और वह मछुआरे के काम में हाथ बंटाया करता। कुछ महीनों के बाद खिद्र फिर प्रकट हुए और कहा, 'उठो और अब इस मछुआरे का साथ छोड़ दो, तुम्हारा आगे का इंतजाम हो जाएगा। मोजूद ने मछुआरे के कपड़े में ही फौरन वह झोंपड़ी छोड़ दी। वह तब तक इधर-उधर भटकता रहा, जब तक कि राजमार्ग पर नहीं आ गया। भोर हुई, तो उसने एक किसान को गधे पर सवार देखा। वह किसान किसी सहायक की तलाश में था। मोजूद उसीके साथ हो लिया। लगभग दो वर्ष तक उसने उस किसान के लिए काम किया। एक दोपहर खिद्र ने दर्शन देकर कहा, 'यह काम छोड़ो, मोसुल शहर चलो और अपनी बचत का उपयोग चमड़े के व्यापार के लिए करो।' मोजूद ने आज्ञा मानी। मोसुल में तीन साल तक अपना व्यापार करते हुए उसने काफी बड़ी रकम जमा कर ली। एक दिन खिद्र प्रकट हुए और कहा, 'मुझे अपनी सारी रकम दे दो और यहां से दूर समरकंद चले जाओ। वहां पहुंचकर किसी पंसारी के लिए काम करो।' मोजूद ने वही किया। धीरे-धीरे मोजूद में आध्यात्मिक प्रकाश दिखाई देने लगा, उनमें संतत्व के लक्षण दिखने शुरू हो गए। वह बीमार लोगों को स्वस्थ करने लगे, लोगों की परेशानियां दूर करने लगे। उनकी वाणी में सच्चाई की ताकत आ गई। जीवन के रहस्यों का उनका ज्ञान गहरा होता गया। मोजूद एक मुर्शिद बन गए। ओशो कहते हैं, यह कहानी अज्ञात में भरोसा व श्रद्धा का प्रतीक है, जो आध्यात्मिक विकास की बुनियाद है। खिद्र हुआ हो न हुआ हो, यह गौण है, इसके जरिये सूफी कहना चाहते हैं कि जिंदगी विराट है और हमारी बुद्धि बहुत छोटी; लेकिन हम इसी विराट के अंश हैं, इसलिए जो हो रहा है, उसके लिए बिना शर्त मौजूद हो जाएं।

**अमृत साधना**

## समाधान तो सोचना होगा

भले अपनी समझ से सरकार ने शराबबंदी लोक हित में लागू की हो, लेकिन इस बंदी की आड़ में गैर-कानूनी धंधा फूलने-फलने लगे, तो उसके लिए सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। बिहार में जहरीली शराब हादसे की ताजा घटना में मौतों की बढ़ती संख्या के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह विवादास्पद बयान दिया कि 'पियोगे तो मरोगे।' उनकी दलील है कि हत्या अनंतकाल से अपराध है, फिर हत्याएं होती हैं। उसी तरह शराब पीना अपराध बनाए जाने के बाद आपराधिक तत्व इसे बेचने का धंधा करते हैं, जिसमें लोग सहभागी बन कर अपनी जान को खतरे में डालते हैँ। इस सिलसिले में नीतीश कुमार से यह प्रश्न पूछा जा सकता है कि क्या हत्याकांड होने पर प्रशासन और सरकार की जवाबदेही तय नहीं की जाती है? इसी तरह भले अपनी समझ से सरकार ने शराबबंदी लोक हित में की हो, लेकिन इस बंदी की आड़ में गैर-कानूनी धंधा फूलने-फलने लगे, तो उसके लिए सरकार अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। जिस तरह उसने समाज सुधार के इस कदम के लिए उत्साह दिखाय, उससे वैसी ही अपेक्षा उस कदम की वजह से पैदा हुई समस्या का समाधान ढूंढने की है।

> "2022 खत्म होते-होते चीन से कोरोना महामारी की खौफनाक खबरें आ रही हैं, अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। दुनिया भर के बड़े निवेशकों के सामने बेहतर विकल्प के तौर पर भारत खड़ा हो सकेगा? 2022 यह सवाल छोड़कर जा रहा है और 2023 पर जिम्मेदारी होगी इसका जवाब देने की।

# जेब पर बोझ के बावजूद बना रहा भरोसा

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

चीनी कैलेंडर के हिसाब से 2022 बाघ का वर्ष था। हिम्मत और हौसले का साल। सच मानें, तो यह पूरा साल हर मोर्चे पर हिम्मत और हौसले का इम्तिहान ही लेता रहा। साल खत्म होते-होते यूं लग रहा है, मानो सामने फिर पानी से भरी एक बड़ी खाई आ गई है, अब इसे पार करने के लिए छलांग लगानी है या पानी कम होने का इंतजार करना है? यह सवाल भारत की ही नहीं, दुनिया की अर्थव्यवस्था के सामने खड़ा है। इसकी वजह यह है कि कोरोना महामारी के प्रकोप से निकलने की भविष्यवाणी के साथ शुरू हुआ साल खत्म होते-होते न सिर्फ उस उम्मीद पर पानी फेर चुका है, बल्कि एक नई चिंता भी पैदा हो गई है कि क्या हम 1970 के दशक जैसे गंभीर आर्थिक संकट के मुहाने पर खड़े हैं, जहां आर्थिक तरक्की कछुए की चाल पर पहुंच जाए और महंगाई खरगोश की रफ्तार से कुलांचे भरती दिखाई पड़े। यह चिंता विश्व बैंक के 'इकोनॉमिक आउटलुक' में जताई गई है।

विश्व बैंक की चिंता पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को लेकर है। उसका अनुमान है कि यूक्रेन पर रूस के हमले से पैदा हुई महंगाई पूरी दुनिया को भारी पड़नेवाली है। विश्व बैंक को लगता है कि इस साल दुनिया की जीडीपी में 2.9 फीसदी की वृद्धि ही हो पाएगी। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था पर विश्व बैंक का भरोसा कायम है। न सिर्फ कायम है, बल्कि उसे लगता है कि दुनिया भर में मंदी की चिंता व आशंका के बीच भारत ही है, जो सबसे अच्छी तरह इस परिस्थिति का मुकाबला कर सकता है। विश्व बैंक का अनुमान था कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत बढ़ेगी, पर ताजा रिपोर्ट में उसने यह अनुमान बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय बाजार में घरेलू मांग मजबूत रहेगी और इसके दम पर ही भारत दुनिया की तेजी से बढ़नेवाली अर्थव्यवस्थाओं में एक रहेगा।



उम्मीदों के बावजूद इस साल की सबसे बड़ी मुसीबत महंगाई ही रही। जनवरी में एक बार महंगाई का आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक की बर्दाश्त की सीमा, यानी छह प्रतिशत के पार हुआ, तो फिर केंद्रीय बैंक की तमाम कोशिशों के बावजूद पूरे 11 महीने बाद नवंबर में ही यह बर्दाश्त के दायरे में लौट पाया।

फिर भी यह मानने के एक से ज्यादा कारण हैं कि कोरोना महामारी की चपेट में दो साल बर्बाद होने के बाद कम से कम इस साल कुछ तो ऐसा हुआ कि साल खत्म होने पर चैन की सांस ली जा सके। महंगाई काबू में आती दिख रही है। यूक्रेन और रूस युद्ध से पैदा हुई तमाम परेशानियों के बावजूद अब ऐसा लग रहा है कि जिंदगी पटरी पर लौट सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था में रफ्तार लौटती दिख रही है और कंपनियों की बैलेंस शीट तो यूं दिखती हैं, जैसे उनको कोई बूस्टर खुराक लग गई हो। महीने-दर-महीने जीएसटी वसूली का आंकड़ा नया रिकॉर्ड बनाता दिख रहा है और आयकर के मोर्चे पर भी खुशखबरी ही आ रही है। इसी का असर है कि वित्त मंत्री ने जब संसद में बजट के 3,25,756 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगों का प्रस्ताव रखा, तो सवालों के जवाब में उन्होंने यह भी साफकर दिया कि इस रकम को जुटाने के लिए सरकार कोई नया कर्ज नहीं लेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सात महीनों में ही पिछले साल के मुकाबले कर वसूली में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो उन्हें भरोसा देती है कि सरकार को अपने खर्च के लिए जरूरी पैसा मिल जाएगा।

दरअसल, इस साल एक पुराना सबक याद आया है कि सारी बीमारी का सबसे बड़ा इलाज खर्च बढ़ाना ही है। 1970 के दशक की जिस मंदी के लौटने की आशंका विश्व बैंक को सता रही है, उसका इलाज इसी तरह खर्च में जोरदार बढ़त के साथ ही किया गया था। अब भारत को देखें, तो पिछले साल के और उससे पहले के आंकड़े भी सवाल उठाते हैं कि आम आदमी का खर्च तो बढ़ रहा है, सरकार भी कुछ खर्च बढ़ा रही है, लेकिन बड़े उद्योगों को जितना निवेश करना चाहिए, वह क्यों नहीं हो रहा है? सरकारी आंकड़े ही बता रहे हैं कि साल के शुरुआती नौ महीनों में औद्योगिक निवेश के प्रस्तावों में 25 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले साल के मुकाबले देखा जाए, तो निवेश की रकम में 10 प्रतिशत की गिरावट है। औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए बने विभाग डीपीआईआईटी के मुताबिक, इस साल के पहले नौ महीनों में जो निवेश प्रस्ताव आए हैं, वे तो 2020 के उस दौर से भी कम हैं, जिसके बीच लॉकडाउन से सब कुछ ठप हो गया था। इन आंकड़ों को बारीकी से देखने पर और भी बहुत कुछ पढ़ा जा सकता है, पर मोटे तौर पर यही कहा जा सकता है कि महंगा ब्याज व अनिश्चित भविष्य अब भी बड़े कारोबारियों को हिम्मत दिखाने से रोक रहा है।

साल खत्म होते वक्त यदि कुछ झलकियां याद करनी हों, तो इस साल अचानक बड़े हवाई अड्डों पर मची रेलमपेल भी भूली नहीं जा सकती। उससे निपटने का तरीका क्या नए हवाई अड्डे बनाना है या रेल, सड़क सुविधा को बेहतर करना?

समय के साथ इलाज की समस्या भी बढ़ रही है। ऑक्सफैम का कहना है कि महंगे इलाज की वजह से हर सेकंड दो लोग गरीबी रेखा के नीचे जा रहे हैं।

पिछले साल इस बात पर काफी पीठ ठोकी गई थी कि देश में यूनिकॉर्न यानी सौ करोड़ डॉलर से ज्यादा हैसियत वाले उद्यमियों की गिनती तेजी से बढ़ी है, मगर इस साल उनमें से ज्यादातर की हालत खराब दिख रही है। जिन टेक कंपनियों ने शेयर बाजार में दस्तक दी थी, उनके निवेशक और प्रोमोटर, दोनों ही परेशानी में दिख रहे हैं। हालांकि, ऑक्सफैम का कहना है कि 2018 से 2022 के बीच भारत में हर रोज औसतन सत्तर नए मिलियनेयर बन जाते हैं। (हालांकि, मिलियन का मतलब दस लाख होता है, लेकिन यहां मिलियन का अर्थ दस लाख डॉलर या करीब आठ करोड़ रुपये माना जाता है।) इस साल करीब आठ हजार ऐसे डॉलर मिलियनेयरों के भारत छोड़कर जाने की बात गर्म रही और यह सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या पैसेवाले लोग देश छोड़कर भागते रहेंगे?

2022 खत्म होते-होते चीन से कोरोना महामारी की खौफनाक खबरें आ रही हैं, अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। दुनिया भर के बड़े निवेशकों के सामने बेहतर विकल्प के तौर पर भारत खड़ा हो सकेगा? 2022 यह सवाल छोड़कर जा रहा है और 2023 पर जिम्मेदारी होगी इसका जवाब देने की।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# मोटे अनाजों की पैदावार से समृद्ध होंगे छोटे किसान

अनिल बलूनी, सांसद और मीडिया प्रभारी, भाजपा

जब से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से सरकार का हर कदम गांव, गरीब और किसान के कल्याण के प्रति समर्पित रहा है। किसान शुरू से ही प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में सबसे ऊपर रहे हैं। उन्होंने किसानों के कल्याण और उनकी आमदनी को दोगुना करने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी योजनाएं शुरू की। इसी दिशा में छोटे और गरीब किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम उठाते हुए उन्होंने अब मिलेट्स, यानी मोटे अनाज को बढ़ावा देने का बीड़ा उठाया है। मिलेट्स को महत्व दिलाने के लिए 2018 को उन्होंने 'मोटा अनाज वर्ष' घोषित किया था। साथ ही, मोटे अनाज को देश के पोषण मिशन अभियान में भी शामिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के बल पर ही संयुक्त राष्ट्र साल 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' के रूप में मना रहा है। मिलेट्स को हर थाली में पहुंचाने के अभियान से सबसे अधिक फायदा देश के छोटे व गरीब किसानों को होगा। यह उनकी तकदीर बदलने और आय बढ़ाने में व्यापक रूप से लाभकारी सिद्ध होगा।

मोटे अनाज सदियों से हमारे नियमित भोजन का हिस्सा रहे हैं। हालांकि, 20वीं सदी में चावल और गेहूं की लोकप्रियता ने इनकी लोकप्रियता को कम कर दिया था, लेकिन अब ये अनाज तेजी से लोगों की पसंद बन रहे हैं। स्वयं प्रधानमंत्री के भोजन में मिलेट्स नियमित रूप से शामिल रहते हैं। 2023 को मिलेट्स वर्ष की पहचान देने की पहल के तहत 20 दिसंबर को सरकार ने सांसदों के लिए एक लंच का आयोजन भी किया था, जिसमें मोटे अनाज से बने भोजन मीनू का हिस्सा थे। अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष में यह तय किया गया है कि भारत की अध्यक्षता में देश में होने वाली जी-20 की बैठकों में मिलेट्स के व्यंजन भी परोसे जाएंगे। प्रधानमंत्री अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में मोटे अनाजों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए जन-आंदोलन चलाने की बार-बार बात करते हैं। भारत में जब कोई विदेशी मेहमान अथवा राष्ट्राध्यक्ष आते हैं, तो प्रधानमंत्री की कोशिश रहती है कि उन्हें परोसे जाने वाले व्यंजनों में मिलेट्स से बने व्यंजन भी शामिल हों। यह प्रयोग काफी सफल रहा है।



मिलेट्स खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण हैं। पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन के कारण सूखे की समस्या लगातार बढ़ रही है। भूजल का स्तर भी तेजी से नीचे गिरता जा रहा है। ऐसे में, यह समय की मांग है कि ऐसे फसलों को बढ़ावा मिले, जो पोषक तत्वों से भरपूर हों और जिन्हें उगाने में पानी की खपत भी कम हो। साथ ही, मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनी रहे। मोटे अनाज गेहूं और चावल पर देश की निर्भरता कम करने में भी सहायक होंगे। ये प्रधानमंत्री के प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के अभियान में भी मददगार सिद्ध होंगे, क्योंकि इन फसलों में कीड़े कम लगते हैं, जिससे किसानों पर कीटनाशकों का दबाव कम होता है। इस तरह से किसानों की उत्पादन-लागत भी कम होगी।

मिलेट्स सुपर फूड्स होते हैं, क्योंकि इनमें मिनरल्स, फाइबर्स और पोषक तत्व अपेक्षाकृत काफी अधिक मात्रा में होते हैं। ऐसे में, देश में आठ करोड़ मधुमेह के मरीजों और लगभग 35 लाख कुपोषित बच्चों के लिए ये अनाज काफी फायदेमंद साबित होंगे। अगर आप सुबह की शुरुआत मिलेट्स से करते हैं, तो कई बीमारियों से बच सकते हैं। इसके सेवन से मोटापा, पाचन की समस्या, कोलेस्ट्रॉल और मधुमेह संबंधी दिक्कतें कम होती हैं। यही वजह है कि इन अनाजों को थाली में जगह देना अनिवार्य हो गया है। भारत ने 2021-22 में इससे पिछले वर्ष की तुलना में बाजरा उत्पादन में 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कराई है। वैश्विक उत्पादन में लगभग 41 प्रतिशत की अनुमानित हिस्सेदारी के साथ भारत दुनिया में बाजरा के अग्रणी उत्पादकों में से एक है। सरकार के प्रयासों से मोटे अनाजों के उपयोगी प्रसंस्करण और फसल चक्र के बेहतर इस्तेमाल के साथ इसे खाद्य सामग्री का अहम अंग बनाने में मदद मिलेगी। आजादी के अमृत काल में हमें मोटे अनाज को अधिक से अधिक अपनाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि आत्मनिर्भर भारत, स्वस्थ भारत, स्वस्थ मिट्टी और खुशहाल किसान का सपना साकार हो सके।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# समझता क्यों नहीं चीन

अवधेश कुमार

चीन पर पारंपरिक राजनीति फिर देश को निराश कर रही है। विपक्ष का काम सरकार से जवाब लेना है। क्या यह हर विषय और मुद्दे पर लागू हो सकता है?

चीनी सेना ने तवांग सेक्टर में 17 हजार फीट की ऊंचाई पर घुसपैठ की असभ्य कोशिश की। यह सच है। यह भी सच है कि हमारे जवानों ने उनको पीठ मोड़ने के लिए विवश कर दिया। इसमें ऐसा क्या है जिस पर राजनीति में इतना बड़ा बवंडर खड़ा होना चाहिए? रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में जो बयान दिया वह मान्य होना चाहिए। बावजूद विपक्ष मान नहीं रहा है तो इसे कैसी राजनीति कहा जाए?

राज्य सभा और लोक सभा, दोनों में ज्यादातर विपक्षी दल हंगामा और बहिर्गमन कर रहे हैं। नेताओं के बयान ऐसे हैं मानो भारतीय सेना ने चीन के समक्ष समर्पण कर दिया हो। हालांकि वे कहते हैं कि हम सब सेना के साथ हैं। अगर सेना के साथ हैं तो आपको उनकी बहादुरी, उनकी राष्ट्रभक्ति पर भी विश्वास होना चाहिए। कुछ नेता अलग-अलग नियमों के तहत चर्चा कराने पर अड़ गए। किंतु देश का ध्यान रखते हुए इस पर कब चर्चा हो, कैसे चर्चा हो और कितनी चर्चा हो इसके प्रति सदा सतर्क रहना आवश्यक है। क्या हमारे देश के वरिष्ठ नेताओं को इसका भान नहीं है कि चीन से जुड़ी रक्षा नीति का खुलासा नहीं होना चाहिए?

अगर विपक्ष सरकार को मजबूर कर दे कि आप बताइए, चीन से आप कैसे निपट रहे हैं, और आगे कैसे निपट आएंगे तो होगा क्या? क्या दुनिया के किसी परिपक्व देश में सबसे बड़े दुश्मन के विरुद्ध इस तरह की राजनीति संभव है? बहुत कुछ कहा नहीं जाता लेकिन संकेत मिलता रहता है। क्या सरकार की ओर से इसका संकेत नहीं मिला है? इसका उत्तर है कि सरकार बिना घोषणा के बहुत कुछ संकेत दे रही है। उदाहरण के लिए पूर्वोत्तर में भारतीय वायु सेना ने अभ्यास शुरू कर अपनी शक्ति का प्रदशर्न किया। दो दिवसीय युद्धाभ्यास में राफेल समेत अग्रिम पंक्ति के सभी लड़ाकू विमान शामिल हुए। हालांकि सेना ने कहा कि यह तवांग क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम से जुड़ा नहीं है।

बावजूद तनाव के बीच अभ्यास हुआ है तो इसका संदेश तो है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में वायु सेना के सभी अग्रिम अड्डे और एडवांस लैंडिंग ग्राउंड भी अभ्यास में शामिल किए गए। वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के पास राफेल के साथ-साथ सुखोई समेत कई तरह के युद्धक विमानों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। चीनूक और अपाचे हेलीकॉप्टर के साथ यूएवी ने भी क्षमता प्रदर्शित की। यह अभ्यास पूर्वी कमान के तहत हुआ जो असम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित उत्तर पूर्व के सभी राज्यों के हवाई अड्डे में किया गया। पश्चिम बंगाल के हाशिमारा और कलाइकुंडा, असम के तेजपुर और झाबुआ और अरुणाचल प्रदेश की एडवांस लैंडिंग स्ट्रिप से विमानों को उड़ान भरते देखा गया। सेना और वायु सेना ने अरुणाचल और सिक्किम में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पिछले 2 सालों से उच्चस्तरीय संचालनात्मक तैयारियां बरकरार रखा है। पिछले सप्ताह भी अरुणाचल के तवांग सेक्टर में भारतीय वायु सेना ने एलएसी पर लड़ाकू विमान उड़ाए। यह सब क्या रंगमंच या फिल्म का प्रदर्शन है?

एक परिपक्व देश को इन सारे संकेतों को समझते हुए चीन जैसे दुश्मन देश के मामलों की संवेदनशीलता पर हंगामा और ज्यादा चर्चा नहीं करनी चाहिए थी। यह भी देखिए कि चीन की ओर से कैसी प्रतिक्रिया आई है। चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि हमारे सैनिक तय नियम व मानकों के तहत निर्धारित सीमा पर गश्त लगा रहे थे और भारतीय सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश भी जिन्हें विफल कर दिया गया। जरा सोचिए , भारत में इस बात को लेकर हंगामा है कि चीनी सैनिकों ने हमारे यहां घुसपैठ की कोशिश कैसे कर दी? सच यह है कि चीनी सेना समय-समय पर ऐसी हरकतें करती रहती हैं। कुछ लोगों का आरोप है कि घटना 9 दिसम्बर को रात में हुई और सरकार ने इसे छिपाए रखा। घटना अवश्य रात में हुई लेकिन उसके बाद दो दिनों बाद फ्लैग मीटिंग हुई और उसमें बातचीत पूरी होने के बाद यह बाहर आया। दूसरे, यह चीन के रवैये को देखते हुए इतनी बड़ी घटना न थी और न ही अनअपेक्षित था। उनकी सेनाएं घुसने की कोशिश करती हैं, हमारी सेना रोकती हैं, जरूरत पड़ने पर उनको पीटती भी हैं। इसी हंगामे के बीच अक्टूबर, 2021 का एक वीडियो जारी हुआ है जिसमें हमारी सेना चीन के सैनिकों को लाठियों से पीटकर भगा रही है। वास्तव में 15 जून, 2020 को गलवान घाटी में चीनी सैनिकों ने जिस बर्बरता और उद्दंडता के साथ हमला किया उसके बाद पूरी सीमा क्षेत्र में उसी ढंग की तैयारी भारतीय सेना ने की। वह नुकीले कील लगे हुए डंडे, रड , ईट, पत्थर आदि लेकर हमला करने आए थे। तो उनका जवाब कैसे दिया जाए इसके लिए पूरी तैयारी है और चीन की सेना की हरकतों को जवाब मिल रहा है। कोई भी ऐसी सरकार नहीं होगी जो कहेगी कि चीन के सैनिक हमारी ओर घुसपैठ करते हैं तो आप उनका मुंहतोड़ जवाब नहीं दीजिए। तो फिर हंगामे का मकसद क्या हो सकता है? चीन का विवाद केवल भारत के साथ ही नहीं है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



मुख्यमंत्री ने बेरला में जिम और इंडोर स्टेडियम, भिंभौरी में विद्युत सब-स्टेशन और हसदा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल की घोषणा

# बेरला में माता बिंदेश्वरी देवी के नाम पर होगा मातृ शिशु अस्पताल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेमेतरा जिले में बेरला प्रवास के दौरान माता बिंदेश्वरी बघेल स्मृति सामुदायिक मनवा कुर्मी भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला के 30 बिस्तर अस्पताल को मातृ शिशु अस्पताल (एमसीएच-मदर एण्ड चाइल्ड हॉस्पिटल) में उन्नयन कर 50 बिस्तर करने की घोषणा करते हुए कहा कि इस अस्पताल का नामकरण माता बिंदेश्वरी देवी के नाम पर किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने ग्राम हसदा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल प्रारंभ करने, बेरला में जिम और इनडोर स्टेडियम, भिंभौरी में विद्युत विभाग के सब स्टेशन निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा उन्होने सामुदायिक भवन के आहाता के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। श्री बघेल ने सामुदायिक भवन परिसर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, विधायक श्री आशीष कुमार छाबड़ा, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर परगनिहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष हीरा देवी वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष बेरला राजबिहारी कुर्रे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों के लिए इस भवन का उपयोग होगा।

उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं का प्रदेश छत्तीसगढ़ खुशहाली की ओर आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष धान की फसल बढ़िया थी, धान की कटाई मिंजाई हो गई है। धान उपार्जन का कार्य बड़े पैमाने पर सुव्यवस्थित रुप से चल रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, गत वर्ष राज्य सरकार द्वारा 98 लाख मीट्रिक टन खरीदी किया गया था। मुख्यमंत्री ने किसानों से गौठान में पैरादान करने की अपील की जिससे कि गौ-माता को भोजन के रुप में चारा मिल सकेगा। उन्होंने खेती-किसानी में रासायनिक खाद के उपयोग पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है। किसान भाई जैविक खेती और कम्पोस्ट खाद का उपयोग कर अपनी पैदावार बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को आगामी पर्व छेर-छेरा पुन्नी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। समाज के सभी वर्गों के हित में योजनाएं चलाई जा रही है। राम-वन-गमन पथ हेतु 138 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। कार्यक्रम को विधायक आशीष छाबड़ा ने भी संबोधित किया।

# प्रभु यीशु के संदेशों में भाईचारा है, प्रेम है जिससे दुनिया में फैले हिंसा को पराजित किया जा सकता है : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज क्रिसमस पर्व पर राजधानी रायपुर के सेंट जोसफ कैथेड्रल और सेन्ट पॉल कैथेड्रल पहुंचकर प्रार्थना में शामिल हुए और प्रदेश के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मसीही समाज सहित समस्त प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि आज विश्वभर में प्रभु ईसा मसीह का जन्म दिन पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी घरों में केक एवं मिठाईयां बनाई जा रही हैं, आज बच्चे भी सज-धजकर यहां आए हैं यह बहुत बड़ा दिन है । प्रभु यीशु का संदेश पूरी मानवता के लिए है । उन्होंने बताया कि करुणा, प्रेम और सेवा के माध्यम से ही हम ईश्वर तक पहुंच सकते हैं, यही वह मार्ग है जिससे जीवन में व्याप्त घृणा, ईर्ष्या और क्रोध से हम जीत सकते हैं । इस संदेश में भाईचारा है, प्रेम है जिससे आज दुनिया में फैले हिंसा, घृणा, ईर्ष्या और दुख को पराजित कर सकते हैं । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमें प्रभु यीशु के संदेशों का अनुसरण कर मानवता की सेवा करनी चाहिए ताकि इस मानव सभ्यता को और ऊंचाई पर ले जा सकें । उन्होंने कहा कि आज इस पवित्र दिन के अवसर पर प्रभु ईसा मसीह को नमन करते हुए आप सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस मौके पर कैथेड्रल में उपस्थित लोगों के साथ केक काटकर क्रिसमस सेलिब्रेट किया। चर्च में उपस्थित सभी लोगों ने प्रभु की प्रार्थना की और चर्च के गायन दल ने कैरोल गीत प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का मसीही समाज के द्वारा पुष्पगुच्छ और शॉल भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, महापौर ऐजाज ढेबर, सेंट जोसेफ कैथेड्रल में आर्च बिशप विक्टर हेनरी ठाकुर, विकार जनरल फादर सेबेस्टियन पी., मुख्य पुरोहित फादर जोस फिलिप, बसंत तिर्की, फादर क्रॉसलिन आदि शामिल हुए। इसी तरह सेंट पॉल्स कैथेड्रल में बिशप द राइट रेवरेंड अजय उमेश जेम्स, पादरी अजय मार्टिन, डीकन मारकुस केजु, डीकन के. खूंटे, डीकन ए. कोरी, डीकन अब्राहम रास और डायसिस के प्रवक्ता श्री जॉन राजेश पॉल सहित मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खास खबर

### मसीही समाज के साथ विधायक ने मनाई खुशियां

**जगदलपुर।** विधायक जगदलपुर व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने मसीही समाज के साथ पर्व की खुशियां मनाई। चर्चों में जाकर प्रार्थना में शामिल हुए और सभा में आए सामाजिक जनों को शुभकामनाएं दी। जैन शहर के कैथोलिक चर्च, एपिस्कोपल मेथोडिस्ट चर्च, लुथरान चर्च, बाईबल मिशन चर्च, किंगडम आफ गॉड मिनिस्ट्री समेत अन्य चर्चों में कांग्रेसजनों के साथ गए। प्रार्थना सभा के बाद मसीही समाज के अनुयायियों को मिष्ठान्न वितरित किया। इससे पूर्व शनिवार- रविवार की मध्य रात्रि विधायक जैन सपत्निक कैथोलिक चर्च गए और केक काटकर पर्व की बधाई दी। उन्होने रत्नेश बेंजामिन के नेतृत्व में अपने कार्यालय पहुंचे केरोल सिंगिंग दल का मुंह मीठा करवाकर उनका पुरजोर तरीके से स्वागत किया।

शहर के कुम्हारपारा स्थित एक चर्च में जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन के दीर्घायु जीवन व सफलता के लिए प्रार्थना की गई। समाज के सदस्यों ने पास्टर के साथ समवेत स्वर में जैन की भावी सफलताओं के लिए प्रभु ईसा मसीह से प्रार्थना की। इस दौरान उनके सहज- सरल व्यक्तित्व की प्रशंसा भी जमकर की गई। कार्यक्रमों के दौरान विधायक रेखचंद जैन के साथ नगर निगम महापौर सफिरा साहू, निगम सभापति कविता साहू, पार्षद पंचराज सिंह, कोमल सेना, कमलेश पाठक, सूर्या पानी, यशवंत ध्रुव, बी ललिता राव, दयाराम कश्यप, एल्डरमेन सुरेन्द्र झा, कौशल नागवंशी, हरिश साहू, अमरनाथ सिंह, हेमू उपाध्याय, गौरनाथ नाग, विजय सिंह, कुलदीप सिंह भदौरिया, सायमा अशरफ, अफरोज बेगम, वेंकट राव, सुशील मौर्य, जाहिद, महेश द्विवेदी, संदीप दास, अभिषेक नायडू, शादाब खान, बबलू शर्मा, राजू साह, एस नीला, विनोद कुकड़े, संदीप समेत अन्य कांग्रेसजन व अन्य मौजूद थे।

# गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट से होगी शासकीय भवनों की पुताई

श्रीकंचनपथ न्यूज

### गौठानों में होने लगा है गोबर से प्राकृतिक पेंट का उत्पादन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के परिपालन में लोक निर्माण विभाग ने गौठानों में गोबर से उत्पादित प्राकृतिक पेंट को विभागीय निर्माण कार्यों के एसओआर में शामिल कर लिया है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने विभागीय अधिकारियों को सभी शासकीय भवनों के रंग-रोगन में केमिकल पेंट के बदले गोबर से बनने वाले प्राकृतिक पेंट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए है।





प्रमुख अभियंता ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि गोबर पेंट का उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण पहल है। लोक निर्माण विभाग द्वारा नव निर्मित भवनों के दो या दो से अधिक कोट्स की वॉशेबल डिस्टेम्पर से पुताई के लिए प्रति वर्ग मीटर 53 रूपए तथा पुराने भवनों के लिए 30 रूपए प्रति वर्ग मीटर की दर निर्धारित की गई है। इसी तरह गोबर से निर्मित प्रीमियम ईमलशन पेंट से नवनिर्मित वॉल पेंटिंग की दर 69 रूपए प्रति वर्ग मीटर तथा पुराने भवन के लिए प्रति वर्ग मीटर 41 रूपए की दर निर्धारित की गई है।

गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए 9619 गांवों में गौठानों की स्थापना की गई है। इन गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत 2 रूपए किलो की दर से गोबर की खरीदी और 4 रूपए लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी की जा रही हैं।

गोबर से कम्पोस्ट खाद के साथ-साथ अन्य सामग्री का निर्माण महिला समूहों द्वारा किया जा रहा हैं। गौमूत्र से फसल कीटनाशक और जीवामृत तैयार किये जा रहे है। हाल ही में राज्य में गोबर से प्राकृतिक पेंट के उत्पादन की शुरूआत रायपुर के समीप स्थित हीरापुर जरवाय गौठान से हुई है। गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की यूनिट कांकेर जिले के चारामा में भी लग चुकी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप राज्य के 75 गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट एवं पुट्टी निर्माण की इकाईयां तेजी से स्थापित की जा रही है। इन इकाईयों के पूर्ण होने पर प्रतिदिन 50 हजार लीटर तथा साल भर में 37 लाख 50 हजार लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन होगा। गोबर से प्राकृतिक पेंट के निर्माण का मुख्य घटक कार्बोक्सी मिथाईल सेल्यूलोज (सीएससी) होता है। सौ किलो गोबर से लगभग 10 किलो सूखा सीएमसी तैयार होता है। कुल निर्मित पेंट में 30 प्रतिशत मात्रा सीएमसी की होती है।

छत्तीसगढ़ में गोबर से प्राकृतिक पेंट और पुट्टी निर्मित किए जाने की केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने सराहना की है। छत्तीसगढ़ राज्य की इस पहल को उन्होंने ग्रामीणों को रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर कहा है।

राजधानी रायपुर के समीप स्थित हीरापुर जरवाय गौठान में महिला समूह ने गोबर से प्राकृतिक पेंट एवं पुट्टी तैयार करने के काम में 22 महिलाएं जुड़ी है। यहां तैयार किए गए जा रहे गोबर पेंट का उपयोग शासकीय भवनों की रंगाई पोताई के लिए उपयोग हो रहा है। गोबर से तैयार प्राकृतिक पेंट की कीमत 230 रूपए प्रति लीटर रखी गई है, जो मार्केट में कम्पनियों के पेंट के मूल्य से लगभग आधी है।

इसकी क्वालिटी ब्रांडेड कम्पनी के जैसी है। हीरापुर जरवाय गौठान में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए 25 लाख रूपए की मशीनें लगाई गई हैं। समूह की अध्यक्ष श्रीमती धनेश्वरी रात्रे ने बताया कि गाय के गोबर पहले डी वाटर कर्लिंग मशीन में डाला जाता है और पानी मिलाकर घोल तैयार कर उसमें कई अन्य सामग्री मिलाई जाती है, फिर इन सब को हाई स्पीड डिस्पेंसर मशीन में मिक्स किया जाता है। इसके बाद पेंट और पुट्टी तैयार होती है। जरवाय गौठान में लगी मशीन से आठ घंटे में एक हजार लीटर पेंट तैयार किया जा सकता है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गोबर से प्राकृतिक पेंट के निर्माण के लिए 21 नवम्बर 2021 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में कुमाराप्पा नेशनल पेपर इंस्टीट्यूट जयपुर, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय नयी दिल्ली और छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के मध्य हुआ है।

# गोठानों में आज से 30 तक दूसरे चरण में मनाया जाएगा पैरादान महोत्सव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सुराजी गांव गोठान में दूसरे चरण में 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक पैरादान महोत्सव के रूप में मनाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने इसके साथ ही किसानों से सतत रूप से पैरादान करने की अपील भी की है। गोठान प्रबंधन समिति से गोठान में आने वाले पैरा को सुरक्षित रखने कहा है। पहले चरण में किसानों ने बढ़ चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई थी, जिसमें किसानों, ग्रामीणों ने स्व प्रेरणा से गोठान में पैरा दान किया।

जिला पंचायत सीईओ डॉ ज्योति पटेल ने बताया कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में पहला चरण सफलता पूर्वक चलाया गया, दूसरा चरण 26 से 30 दिसंबर तक पैरादान महोत्सव के रूप में सतत रूप से मनाया जाएगा। जिससे गोठान में गायों के लिए प्रतिदिन पैरा की व्यवस्था हो सके। इसके लिए गोठान नोडल अधिकारी, स्व सहायता समूह, गोठान प्रबंधन समिति, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के साथ ही जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पैरादान के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग लिया जाएगा। किसानों फसल कटाई कर रहे है उसके बाद पैरा खेत में ही पड़ा रहता है उस पैरा को वे खेत में न जलाए और न ही उसे खेत में पड़ा रहने दे बल्कि उसे गोठान में पहुंचाकर गायों के लिए उपलब्ध कराएं। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत सीईओ को 26 से 30 दिसम्बर तक चलाए जाने वाले पैरादान महोत्सव की जानकारी देने के लिए मुनादी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पहले चरण में स्वप्रेरणा से किसान पैरादान किए उसी प्रकार इस चरण में भी गोठान में गायों के लिए साल भर पैरा भेजने की अपील की है ताकि खाने के लिए पैरा उपलब्ध रहे । लगाकर टीकाकरण किया जाए साथ ही पशुपालकों को ठंड के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाने की जानकारी दी जाए।




# निर्धारित केन्द्रों में ही बेचे धान और कोदा, कुटकी, रागी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने जिले के किसानों से शासन द्वारा स्थापित उर्पाजन केन्द्रों में धान तथा वन धन केन्द्रों में लघु धान्य फसलों कोदो, कुटकी, रागी की बिक्री समर्थन मूल्य पर करने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा है कि फसल का वाजिब मूल्य प्राप्त करने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने कहा है कि किसान बिचौलियों से बचें और उनके पास अपनी उपज न बेचे।



कलेक्टर श्री ध्रुव शनिवार 24 दिसंबर को निर्माण एवं विकास कार्यों पर जायजा लेने खड़गवां विकासखंड के मझौली गांव पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कोदो उत्पादक कृषक इन्द्रपाल सिंह को कोदो का बोझा अपने खेत से कांधे पर रखकर खलिहान ले जाते देखकर उनसे बातचीत की। कलेक्टर श्री ध्रुव किसान इन्द्रपाल के साथ उसके खलिहान गए और वहां कोदो फसल के ढेर का मुआयना किया। उन्होंने कृषक इन्द्रपाल को मिजाई के बाद कोदो की बिक्री वन धन केन्द्र में करने की समझाईश दी। कलेक्टर ने कहा कि सरकार अब धान के जैसे ही कोदो, कुटकी, रागी की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था की है। कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी जिले में 17 वन धन केन्द्रों में की जा रही है। कोदो 3000 रूपए प्रति क्विंटल, कुटकी 3100 रूपए प्रति क्विंटल तथा रागी की खरीदी 3578 रूपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में अभी तक 100 क्विंटल लघु धान्य फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर वनधन केन्द्रों में की गई है। इस साल जिले के खड़गवां विकासखंड में 500 एकड़ में लघु धान्य फसलों की खेती की जाएगी। कलेक्टर ने इस मौके पर ग्रामीणों से शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने पीडीएस दुकान से खाद्यान्न की उपलब्धता, मुख्यमंत्री हॉट बाजार क्लिनिक योजना, गौठानो में गोबर खरीदी, धान विक्रय के एवज में भुगतान के स्थिति के बारे में जानकारी ली। ग्राम सेंधा के ग्रामीणों द्वारा लो वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए अधीक्षण यंत्री को सर्वे कर नया ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मझौली के हाट बाजार स्थल पर साफ सफाई कराने तथा मिक्स प्लांट जाने वाले रास्ते के किनारे स्थापित हैण्ड पंप के पास सोखता गड्ढा और नाली का निर्माण कराये जाने के निर्देश जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए।






## खास खबर...

### मुख्यमंत्री ने मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने मालवीय के देश के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि मालवीय ने देश की आजादी के लिए भरसक प्रयत्न किया और भारत माता की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया। मालवीय महान शिक्षाविद, बेहतरीन वक्ता तथा राष्ट्रीय नेता थे। उन्होंने भारत में शिक्षा के एक बड़े केन्द्र बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की है। उन्हें सम्मानपूर्वक महामना के नाम से जाना जाता है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मालवीय ने जिस समर्पण और विचार मूल्यों के साथ भारत में राष्ट्रीयता की नींव रखी,वह हर भारतीय के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने अटल जी का स्मरण करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे अपनी राजनैतिक और व्यक्तिगत शुचिता के लिए जाने जाते हैं। अटल जी कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ एक ओजस्वी वक्ता और कवि भी थे। उन्होंने कहा कि बाजपेयी जी अपने गरिमामयी व्यक्तित्व और प्रेरक कविताओं के लिए सदा याद किये जाएंगे।

### अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर विधायक ने माल्यार्पण कर की नमन

**धमतरी।** माँ भारती की सेवा को जीवन का एकमात्र ध्येय बनाकर आजीवन सेवा के प्रण का निर्वहन करने वाले श्रद्धेय अटल की जयंती पर उन्हें कोटिश: नमन किए, अटल जी के नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते देखा, आज उनकी जयंती पर विधायक ने हटकेशर वार्ड के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण करते हुए सभी को सुशासन दिवस की शुभकामनाएं दिए। विधायक ने कहा कि विज्ञान प्रौद्योगिकी के प्रेरणा स्रोत श्रद्धेय भारत रत्न वाजपेयी ने जनकल्याणकारी नीतियों से भारत को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाकर लोकप्रिय शासन प्रणाली से अपना सर्वस्व जीवन देशहित मे समर्पित कर दिए, कुशल व्यक्तित्व से विरोधी भी उनके प्रशंसा करते थे, उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम लिखें, भारत देश में उसका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा और जनकल्याण हेतु समर्पित करने वाले प्रखर राजनीतिज्ञ भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर शत्-शत् नमन करने शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, नीलू रजक सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# साहेब बंदगी एक दूसरे को सम्मान देने की एक पवित्र अभिवादन संस्कृति - भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने कबीरपंथ मेला स्थल के समुचित विकास और संत-साधु के विश्राम भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रूपए सहित की अनेक घोषणाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बेमेतरा जिले के ग्राम लोलेसरा में पंथ हुजुर उग्रनाम साहेब स्मृति में कबीरपंथ के संत समागम मेला में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने साहेब बंदगी की जयघोष के साथ कबीरपंथ के गुरू श्री प्रकाश मुनि नाम साहब से आर्शीवाद प्राप्त किया और भव्य आयोजन के लिए पूरे आयोजन समिति और कबीरपंथ के अनुयायियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



उन्होंने कहा कि साहेब बंदगी मानव से मानवता तक और एक दूसरे को सह-सम्मान करने तथा अभिवादन करने की पवित्र संस्कृति है। इस संस्कृति की महत्ता एवं ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कबीरपंथ आयोजन स्थल में लगभग 1 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से बने 3 विभिन्न नवीन कार्यो का लोकार्पण किया। इनमें पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लागत 50 लाख रूपए, भवन निर्माण कार्य लागत 50 लाख रूपए और आहता निर्माण कार्य लागत 50 लाख रूपए शामिल है। मुख्यमंत्री ने कबीरपंथ के गुरू श्री प्रकाश मुनि नाम साहब के आग्रह पर मेला स्थल के समुचित विकास और संत-साधु के विश्राम भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रूपए प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही ग्राम नेवसा में उप-स्वास्थ्य खोलने और कबीरपंथ ग्राम बघुली पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण, नवीनीकरण तथा पुल-पुलिया और रपटा निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कबीरपंथ की महत्ता और ख्याति को बढ़ाते हुए धर्मनगरी ग्राम दामाखेड़ा में 22 करोड़ की लागत से विशाल कबीर सरोवर के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण को शीघ्र मूर्त रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, ऋण माफी सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनानें वाले गोधन न्याय योजना और रीपा सहित महत्वाकांक्षी सभी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने भी संबोधित किया। मंच पर गुरू गोस्वामी डॉ. भानुप्रताप साहेब, संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड़, कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला और पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला उपस्थित थे। कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक दूसरे को जोड़ने का मार्ग दिखाया-श्री प्रकाश मुनि नाम साहब

कबीरपंथ के गुरू श्री प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीर पंथ कोई धर्म या जाति नहीं, बल्कि सत्गुरु कबीर साहेब द्वारा दिखाया हुआ एक मार्ग है। इस मार्ग पर चलकर हर धर्म, जाति और मजहब का व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। उन्होंने अपने अनुयायियों को सदाचार और सत्य का मार्ग दिखाते हुए साहेब बंदगी अभिवादन का मूल स्वरूप एवं संदेश दिया। गुरू श्री प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीरपंथ के लोग जब भी अपनों से मिलते है तो उन्हे सच्ची भाव और सम्मान से साहेब बंदगी से अभिवादन किया जाता है। साहेब बंदगी का मूल अर्थ मानव और मानवता के अंदर घट-घट में बसे परमात्मा को महसूस करते हुए उन्हें पूरे आदर और सम्मान से साहेब बंदगी से अभिवादन किया जाता है। कबीरपंथ में ऐसी मान्यता है कि हर व्यक्ति के अंदर ईश्वर और परमात्मा का वास है , उसी को सम्मान देते हुए साहेब बंदगी कहते है। उन्होंने कहा है कि कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक-दूसरे को जोड़ने का एक सदाचार और सत्य का मार्ग दिखाया है। इस पंथ में जाति, धर्म, संप्रदाय की कोई बंधन नहीं है। यहां सभी धर्मो को मानने वाले लोग कबीर के बताए मार्ग पर चलकर अपना जीवन को उचाई दे रहे हैं।

# मंत्री डॉ. डहरिया विभिन्न ग्रामों में बाबा घासीदास जयंती समारोह में हुये शामिल, विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया रायपुर जिले के विकासखंड आरंग के विभिन्न ग्रामों में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुये। डॉ. डहरिया मंदिर हसौद, गोढ़ी तथा ग्राम लांजा में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए और जैतखाम में पूजा अर्चना करते हुए बाबा गुरू घासीदास जी से क्षेत्र व प्रदेश की जनता की खुशहाली की मंगल कामना की। मंत्री डॉ. डहरिया के द्वारा जयंती कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम गोढ़ी में सतनामी समाज के मांग पर सामुदायिक



भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की घोषणा की गयी। उन्होंने ग्राम लांजा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बताया कि आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम के विकास के लिए 40 लाख रूपये से अधिक के कार्य स्वीकृत किए गए है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वीकृत सभी कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें। डॉ. डहरिया ने कहा कि गांवों में सभी आवश्यकता के सभी कार्य किए जायेगे। इस असवर पर मंदिर हसौद में अध्यक्ष नगर पंचायत मंदिर हसौद ओमप्रकाश यादव, अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग खिलेश देवांगन, उपाध्यक्ष नगर पंचायत मंदिर हसौद श्री प्रकाश बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों में से सर्वश्री दिलीप जोशी, रेखराम पात्रे, ओंकार रात्रे, शंकर बार्ले, प्रितम बर्मन, राजकुमार जांगड़े, जितेन्द्र बार्ले, मोहित जोशी, ओम प्रकाश बंजारे, जय प्रकाश रात्रे, कमलेश बार्ले, जोहन जांगड़े उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार का प्रांतीय नारी सशक्तिकरण चेतना शिविर कल से

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 27 से 29 दिसंबर 2022 तक एयरपोर्ट के सामने स्थित जैनम मानस भवन में प्रांतीय नारी सशक्तिकरण चेतना शिविर का आयोजन किया गया है। गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ की जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा एवं नारी जागरण अभियान की प्रांत प्रभारी डॉ. कुन्ती साहू ने बताया कि इस शिविर में गायत्री परिवार की प्रमुख व शांतिकुंज हरिद्वार की अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैल बाला पंड्या जीजी शिविरार्थियों को मार्गदर्शन व विशेष संदेश देंगी। इसी शिविर में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से आदरणीय शेफाली दीदी नारी जागरण अभियान व डॉक्टर चिन्मय पंड्या प्रति कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखंड) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर अपना संदेश प्रदान करेंगे। शिविर में छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा, झारखंड और बिहार की 5000 से अधिक महिलाएं शिरकत करेंगी। गायत्री परिवार का पूरे भारत वर्ष में इतने वृहत स्तर पर नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र का यह कार्यक्रम प्रथम आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार की महिला मंडल द्वारा प्रदेश के सभी ब्लॉकों / जिलों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है साथ ही इसकी तैयारियां भी वृहत स्तर पर तेजी से चल रही है।

## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुल उत्सव समारोह में शामिल हुईं राज्यपाल

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण

### विश्वविद्यालय की पत्रिका 'कन्हार' सहित कई प्रकाशनों का विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके यहां अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय *'कुल उत्सव'* के समापन समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ के 75 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामयुक्त शिलालेख का भी लोकार्पण किया।

सुश्री उईके ने विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित छत्तीसगढ़ी खेलकूद एवं संस्कृति पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका *'कन्हार'* के नये अंक सहित विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन भी किया।



उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़कर समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, सांसद श्री अरूण साव, पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री सतीश अग्निहोत्री, विधायक बिलासपुर श्री शैलेश पाण्डेय, बेलतरा विधायक श्री रजनीश सिंह एवं कुलपति आचार्य अरूण दीवाकर नाथ वाजपेयी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

राज्यपाल सुश्री उईके ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। राष्ट्रगीत, राजगीत एवं विश्वविद्यालय की कुलगीत का सम्मानपूर्वक गायन हुआ। सुश्री उईके ने जयंती पर अटल बिहारी वाजपेयी एवं पण्डित मदनमोहन मालवीय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका नमन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी सच्चे जननायक थे। सभी वर्ग में उनकी समान रूप से स्वीकार्यता थी। जटिल विषयों पर भी वे देशहित में त्वरित निर्णय लेते थे। देश के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने अटल जी की प्रतिमा से प्रेरणा लेकर देश को नयी बुलंदियों पर ले जाने के लिए छात्रों और युवाओं का आह्वान किया। उन्होंने अटल जी के साथ बिताये महत्वपूर्ण अवसरों को लोगों के साथ शेयर किया। उन्होंने शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियां हासिल करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्य वक्ता एवं पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री सतीश अग्निहोत्री ने कहा कि अटल जी सही मायने में राजनेता थे। वसुधैव कुटुम्बकम के भारतीय दर्शन पर उनका अटूट विश्वास था। संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए उन्होंने काम किया। उन्होंने कई उदाहरण देकर वसुधैव कुटुम्बकम का वास्तविक अर्थ भी समझाया। कुलपति आचार्य अरूण दीवाकर नाथ वाजपेयी ने स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने पौधे एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से युक्त टोकरी भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी से समारोह को अवगत कराया। आभार ज्ञापन कुलसचिव श्री शैलेन्द्र दुबे ने आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति एलपी पटेरिया, सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति श्री वंशगोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# बीटाउन की 5 हसीनाएं

## सोशल मीडिया पर तस्वीरों के जरिए पूरे साल बटोरी सुर्खियां

2022 खत्म होने में अब कुछ ही हफ्ते बचे हैं। फिल्मी दुनिया की बात करें तो इस साल कई सारी फिल्मों रिलीज हुई। जिसमे कुछ एक्ट्रेस के काम ने लोगों को इंप्रेस किया। तो वहीं कई सारी हसीनाएं अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लोगों का ध्यान खींचने में कामयाब हुईं।

इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड और हॉट तस्वीरों की वजह से इन एक्ट्रेस ने जमकर सुर्खियां बटोरी। तो चलिए जानें कौन सी वो पांच एक्ट्रेस हैं जिनकी सोशल मीडिया पोस्ट ने हर किसी का ध्यान खींच लिया।

### मलाइका अरोड़ा

49 की उम्र में पहुंच चुकी मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड लुक्स से यंग एक्ट्रेस को कड़ी टक्कर देती हैं। सोशल मीडिया ही नहीं पार्टी और रैंप पर भी मलाइका का बेहद बोल्ड लुक सुर्खियां बटोर लेता है। बोल्ड नेकलाइन और पारदर्शी गाउन पहन मलाइका ने साल 2022 में ग्लैमर का नया ट्रेंड सेट कर दिया। जिसे कई हसीनाएं फॉलो करते दिखीं।





### जान्हवी कपूर

जान्हवी कपूर इस साल अपने अलग ही अंदाज में नजर आईं। साड़ी, गाउन और बिकिनी, जान्हवी कपूर का हर बार अलग अंदाज फैंस को देखने को मिला। हॉट लुक्स की तस्वीरों पर फैंस ने खूब रिएक्शन किए। वहीं लोग जान्हवी कपूर को अब बड़े पर्दे पर बोल्ड एंड ग्लैमरस लुक में देखना चाहते हैं। क्योंकि फिल्मों में ज्यादातर जान्हवी कपूर सीधी सादी लड़की का रोल प्ले करते दिखती हैं।

### दिशा पाटनी

अपनी बोल्ड इमेज को कायम रखते हुए दिशा पाटनी ने फिल्मों के साथ ही सोशल मीडिया पर भी हॉट लुक दिखाया। बिकिनी गर्ल बन चुकी दिशा पाटनी ने बिकिनी के साथ ही बोल्ड नेकलाइन और बेहद छोटे कपड़ों से हर किसी का ध्यान खींचा।





### ईशा गुप्ता

वेब सीरीज आश्रम 3 में अपनी परफॉर्मेंस से लोगों की तारीफबटोरने के साथ ही ईशा गुप्ता का बोल्ड लुक लोगों को सोशल मीडिया पर भी नजर आया। बिकिनी से लेकर बेहद बोल्ड नेकलाइन के ब्लाउज पहन ईशा हर बार पूरी अटेंशन चुराते दिखीं।



### इलियाना डिक्रुज

भले ही इलियाना किसी फिल्म में पूरे साल नजर ना आई हों। लेकिन सुर्खियां बटोरने के लिए उनकी सोशल मीडिया पोस्ट की काफी थी। जिससे वो बिकिनी पहने पोज देते दिखीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब देखा गया और इलियाना ने जमकर अटेंशन लूटी।

## नए साल पर दोस्तों के साथ करनी है आउटिंग तो

# चुनें ये ट्रेंडी आउटफिट

दिसंबर के हर दिन के साथ ही नए साल का इंतजार रहता है। पिछले साल से सीखकर हर कोई आगे बढ़ता है। घूमना-फिरना और ढेर सारी मौज-मस्ती के साथ सब न्यू ईयर को जमकर सेलिब्रेट करते हैं। पार्टी और दोस्तों, फैमिली के साथ आउटिंग का प्लान आपका भी होगा। नए साल पर कुछ खास अंदाज में रेडी होना चाहती हैं तो इन कपड़ों को चुन सकती हैं। ये आपको ट्रेंडी लुक देंगे। तो चलिए जानें कौन से कपड़े क्रिसमस से लेकर नए साल के सेलिब्रेशन में ट्रेंड में रहेंगे।



### सिकुइन का क्रेज

पूरे साल शिमर और ग्लिटर काफी ज्यादा ट्रेंड में था। एथिनिक से लेकर वेस्टर्न कपड़ों में सिकुइन वर्क देखने को मिला। पार्टी में सबकी अटेंशन पानी है तो अपने लिए सिकुइन वर्क वाली शर्ट या पैंट को पहन सकती हैं। इसे सही तरीके से मिक्स एंड मैच कर परफेक्ट लुक मिल जाएगा।

### ड्रेसेज

क्रिसमस पर तैयार हो रही हैं तो अपने लिए ड्रेस को चुनें। ए लाइन से लेकर मैक्सी ड्रेस, जिसकी वी नेकलाइन, स्वीटहार्ट नेकलाइन या फिर कैमिसोल नेकलाइन हो। आप अपने लिए चुनें। ड्रेस की डिजाइन को अपने कंफर्ट और फिगर के हिसाब से चुनें। नी लेंथ-फ्लोर लेंथ, फिगर फिटिंग या फ्लोई. हर ड्रेस खूबसूरत लगती है। बस खुद के बॉडी शेप को पहचान कर अपने लिए खास तरह की ड्रेस को नए साल या क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए चुनें।



### जैकेट या ब्लेजर

साल 2022 पॉवर ड्रेसिंग के मामले में आगे था पैंट सूट और ब्लेजर ड्रेस की बहुत सारी डिजाइन देखने को मिला। शार्ट ड्रेस के साथ ब्लेजर को मैच कर भी स्टाइलिश लुक मिलता है। तो अगर आप ठंड से बचकर फैशनेबल दिखना चाहती हैं तो ब्लेजर को कैरी करें।

### लेदर पैंट्स

भले ही लेदर पैंट्स टॉप ट्रेंड में ना हो लेकिन ये काफी स्टाइलिश दिखता है। अगर बॉलीवुड एक्ट्रेस के लुक पर नजर डालें तो हसीनाएं लेदर पैंट्स से लेकर लेदर ड्रेस में तैयार हो चुकी हैं। तो अगर आप लेटेक्स फैब्रिक को पसंद करती हैं तो स्कर्ट, पैंट या जैकेट के साथ रेडी हो जाइए नए साल की पार्टी के लिए।

## नए साल की पार्टी में पहनें जंपसूट

# मिलेगा परफेक्ट पार्टी लुक

दिसंबर खत्म होने और नया साल आने में अब कुछ ही हफ्ता बचा है। ऐसे में आप जरूर दोस्तों के साथ पार्टी की योजना बना रही होंगी। पार्टी में बनठन कर जाने का प्लान है तो अपने लिए खास आउटफिट का चुनाव करें। जिससे दोस्तों की भीड़ में हर किसी की नजरें आप पर ही ठहर जाएं। वैसे तो शार्ट ड्रेस और ब्लिंगी ड्रेसेज हर लड़की पहनना चाहती है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कुछ नया और हटके ट्राई करना। तो नए साल के जश्न के लिए इस तरह के जंपसूट को चुनें। ये ना केवल स्टाइलिश दिखेंगे बल्कि आपको ठंड से भी बचाकर रखेंगे।

### शिमरी जंपसूट

न्यू ईयर पार्टी के लिए आप चाहें तो जैकलीन फर्नांडिज की तरह न्यूड शेड के जंपसूट को चुनें। हॉल्टर नेक डिजाइन के जंपसूट आपको कंफर्टेबल बनाकर रखेंगे और स्टाइल में भी कमी नहीं आएगी। पार्टी से बाहर निकलकर आप चाहें तो इस पर लेदर जैकेट पहनकर खुद को ठंड से भी बचा सकती हैं।

### लेदर जंपसूट

ठंड के दिनों में लेदर काफी खूबसूरत लगते हैं क्योंकि ये स्टाइलिश भी होते हैं और ठंड से भी बचाते हैं। तो आप चाहें तो लेदर जंपसूट को भी पार्टी के लिए चुन सकती हैं। पिंक शेड का ये जंपसूट जैकलीन की खूबसूरती को बढ़ा रहा है। तो क्यों ना इस बार पार्टी में आप भी गुलाबो बनकर लाइमलाइट चुराएं।

### लैस वाला जंपसूट

लैस की डिटेलिंग काफी क्लासी लुक देती है। अगर आप चमकीले कपड़ों से हटके कुछ पहनना चाहती हैं तो लैस की डिटेलिंग वाले जंपसूट को ट्राई करें। मार्केट में आपको लैस वाले जंपसूट मिल ही जाएंगे। जिसे आप हीरोइनों की तरह बेल्ट के साथ पेयर करें और स्टाइलिश लुक पाएं।

### डेनिम जंपसूट

अगर दोस्तों के साथ आप डे पार्टी कर रही हैं और मूवी की प्लानिंग कर रही हैं तो डेनिम जंपसूट भी स्टाइलिश लुक देंगे। जान्हवी कपूर की तरह बिल्कुल फिटिंग के जंपसूट को ट्राई करें। फ्रंट जिप डिजाइन के साथ ये जंपसूट स्टाइलिश दिख रहा है। जिसे आप चाहें तो पम्प्स या फिर स्नीकर्स के साथ भी पेयर कर सकती हैं। ये दोनों तरीके से स्टाइलिश लुक ही देगा।

तो इस बार नए साल के जश्न में आप जंपसूट को पहनें। ट्रेंडी लुक के साथ ही आप कंफर्टेबल भी महसूस करेंगी।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# 15 स्टार्ट-अप्स स्वास्थ्य सेवा और कृषि में समाधान की दिशा में कार्य करेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। स्थायी समाधान विकसित करने वाले नवप्रवर्तकों के लिए अपनी तरह के पहले उत्पाद एक्सेलेरेटर कार्यक्रम में चुने गए 15 स्टार्ट-अप शीघ्र ही स्वास्थ्य सेवा और कृषि क्षेत्र में समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करना शुरू कर देंगे।**



यह स्टार्टङ्कअप भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी द्वारा समर्थित एक्सेलेरेटर कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) द्वारा शुरू किए गए निर्माण एक्सेलेरेटर कार्यक्रम (एनआईआरएमएएन एक्सेलेरेटर प्रोग्राम) का पहला समूह है। भारत सरकार इसके लिए अपनी एनआईडीएचआई योजना पोर्टफोलियो के माध्यम से स्वदेशी नवाचारों की उत्पाद विकास यात्रा में आने वाली चुनौतियों को हल करने में मदद करेगी। यह कार्यक्रम आईआईटी कानपुर के एसआईआईसी की दो बहुत ही सफल राष्ट्रीय पहलों- द वेंटीलेटर प्रोजेक्ट और मिशन भारत ओ2 से सर्वोत्तम तरीकों और प्रमुख अंतर्दृष्टि से प्रेरणा लेता है।

इस कार्यक्रम के लिए आवेदन जुलाई 2022 के प्रारंभ में मांगे गए थे और स्टार्टअप्स को कठोर चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया था। इसके बाद स्टार्टअप्स को आगे की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आवासीय कार्यशालाओं सहित प्रशिक्षण दिया गया था। इन स्टार्टअप्स के लिए आयोजित पहली 3-दिवसीय आवासीय कार्यशाला ने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), आईएसओ, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) और टीम निर्माण से जुड़े लोकाचार के माध्यम से इन स्टार्टअप्स को स्वास्थ्य तकनीक और कृषि-प्रौद्योगिकी (एग्रीटेक) स्टार्टअप्स के लिए निवेश के अवसरों तथा प्रारंभिक चरण निवेश के स्टार्टअप्स के लिए निजी निवेशकों (एंजल इन्वेस्टर्स) और उद्यम पूंजी निवेश (वेंचर कैपिटल निवेश- वीसी फंडिंग) एवं व्यावसायिक अवसरों की बेहतर समझ प्रदान की। वीसी जैसे ग्रोएक्स, योरनेस्ट जैसे उद्यम पूंजी निवेशकों (वीसीएस), डीएस ग्रुप जैसे कॉरपोरेट्स और प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी), सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) जैसी सरकारी एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में स्टार्टअप संस्थापकों के साथ अपनी अंतर्दृष्टि और सीखने को साझा किया। कॉहोर्ट के अंतर्गत स्टार्टअप्स को सरकारी एजेंसियों के प्रतिष्ठित वक्ताओं, निजी निवेशकों (एंजल इन्वेस्टर्स) और वेंचर कैपिटल (वीसी) समुदायों और प्रमुख उद्योग के अग्रजों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एनईबी डिवीजन की प्रमुख डॉ. अनीता गुप्ता ने देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्टअप बनाने में इस कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की प्रतिक्रिया के बारे में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के निदेशक प्रोफेसर अभय करंदीकर ने कहा कि निर्माण एक्सेलेरेटर कार्यक्रम से प्रारम्भिक स्वरूप से बाजार तक इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अत्याधुनिक, प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचारों को विकसित करने वाले स्टार्टअप की यात्रा में और तेजी आने की सम्भावना है। इस समूह को उनके अभिनव समाधानों के माध्यम से भारतीय हार्डवेयर क्षेत्र की प्रासंगिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## खास खबर

### मेथोडिस्ट चर्च के साथ ही गिरजाघरों में क्रिसमस की विशेष आराधना हुई

**जगदलपुर।** चंदैया मेमोरियल मैथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च में क्रिसमस पर 25 दिसम्बर को केक काटकर विशेष आराधना का आयोजन किया गया। प्रभु की आराधना करने बड़ी संख्या में लोग चर्च पहुंचे। बाइबिल पाठ पर रेव्ह शामुएल सुना ने उपदेश में बताया कि शांति के राजकुमार ने उद्धारकर्ता के रूप में जन्म लिया है, जिससे मानव का उद्धार हो सके। क्रिसमस के अवसर पर लाल चर्च में क्षेत्रीय विधायक रेखचंद जैन, महापौर सफीरा साहू, हेमू उपाध्याय, संतोष सिंह, भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना, संतोष त्रिपाठी, आप पार्टी के तरूणा के साथ साईं समिति के सदस्य चर्च पहुंचकर क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। इस संबंध में मसीह समाज के शैलेंद्र शाह ने बताया कि मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च शहर का सबसे प्राचीन और सबसे प्रमुख चर्च है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च में महिला समिति के द्वारा ज्योति आराधना का संचालन किया गया। 25 दिसंबर की सुबह 09 बजे से आराधना प्रारंभ हुई। क्रिसमस की आराधना का संचालन पास्टर लारेंस दास द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता बिशप डॉ. एस सुना थे, उन्होंने अपने उपदेश में बताया कि में बेथलहम के गौशाले में बालक यीशु ने जन्म लिया।

### हॉट मिक्स प्लांट में गिट्टी से भरे कन्टेनर को तत्काल हटवाने के निर्देश

# कलेक्टर ध्रुव ने सड़क निर्माण में अमानक गिट्टी के उपयोग पर लगायी रोक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य पर कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव स्वयं निगरानी रख रहे हैं। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखने के लिए वह लगातार विभिन्न अंचलों का दौरा कर निर्माणाधीन सड़कों की लेयरों की मोटाई, उसमें प्रयुक्त मटेरियल की गुणवत्ता और सड़क की चौड़ाई आदि की जांच भी मौके पर विशेषज्ञ तकनीकी अधिकारियों से करा रहे हैं। कलेक्टर श्री ध्रुव 24 दिसंबर को इसी सिलसिले में खड़गवां विकासखंड में गुड़भेला नाला से सिंघत, दुग्गी से खड़गवां तथा कोरबा से चिरमिरी सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।**



कलेक्टर ने गुड़भेला नाला से सिंघत सड़क डामरीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान वहां बिछायी जा रही 19 एम.एम. मिक्स गिट्टी का कुछ पार्ट्स रोलर चलाने से टूटने का मामला सामने आने पर इस गिट्टी के उपयोग पर तत्काल रोक लगाये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क निर्माण में प्रयुक्त गिट्टी की गुणवत्ता की जांच के लिए ग्राम पंचायत मंझोली स्थित हॉट मिक्स प्लांट पहुंचे और वहां तैयार किए जा रहे डामरयुक्त गिट्टी का मुआयना किया। कलेक्टर ने गिट्टी की क्वालिटी अमानक पाये जाने पर प्लांट में रखी गिट्टी को तत्काल वहां से हटवाये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को इस गिट्टी का उपयोग सड़क निर्माण कार्य में नहीं करने की सख्त हिदायत दी और कन्टेनर में रखी गिट्टी को भी प्लांट के बाहर करवा दिया। गुड़भेला नाला से सिंघत सड़क का डामरीकरण 4.50 लाख रूपए की लागत से किया जा रहा है। इस सड़क की लंबाई 3.1 किलोमीटर है। कलेक्टर ने इस दौरान 5.95 लाख रूपए की लागत से दुग्गी से खड़गवां सड़क के जीर्णोद्धार तथा 95 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन कोरबा से चिरमिरी सड़क का भी जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखने तथा दुग्गी से खड़गवां मार्ग का निर्माण तेजी से पूरा कराये जाने का निर्देश दिए। गौरतलब है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में लगभग 60 करोड़ रूपए की लागत से कई ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जनकपुर बाईपास सड़क का निर्माण 3 करोड़ 35 लाख 78 हजार रूपए की लागत से कराया जा रहा है, यह बाईपास 1.50 किलोमीटर लंबाई की है। इसी तरह जिले में 3.73 करोड़ रूपए की लागत से सरभोका से डोंगरीटोला सड़क, 8.09 करोड़ की लागत से पेण्ड्री अटल चौक से मटुकपुर मार्ग, 6.09 करोड़ की लागत से घुटरा से मुसरा मार्ग, 2.19 करोड़ रूपए की लागत से केल्हारी चौक से मध्यप्रदेश सीमा तक सड़क, 3.12 करोड़ रूपए की लागत से गुड़घेला नाल से सिंगरघाट, 5.95 करोड़ रूपए की लागत से दुग्गी से खड़गवा, 2.58 करोड़ रूपए की लागत से मनेन्द्रगढ़-लेदरी-पाराडोल सड़क, 3.34 करोड़ रूपए की लागत से लेदरी से गुरचहवा मार्ग, 7.52 करोड़ रूपए की लागत से भरतपुर विकासखण्ड अंतर्गत माथमौर से भैसुन सड़क तथा 4.18 करोड़ रूपए की लागत से भगवानपुर से मां चांग देवी मार्ग का निर्माण जारी है।

## भानुप्रतापपुर के साप्ताहिक बाजार में लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** राज्य सरकार के चार वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र का प्रदर्शनी जिले के सभी विकासखण्डों के हाट-बाजारों में लगाये जा रहे हैं, इसी कड़ी में आज भानुप्रतापपुर के साप्ताहिक बाजार में जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, तेंदूपत्ता एवं लघु वनोपज की खरीदी, छत्तीसगढ़ से निर्यात, कृषि ऋण माफी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, गोधन न्याय योजना, कृषि एवं वनोपज का वेल्यू-एडिशन से रोजगार एवं आय में वृद्धि, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, राजीव युवा मितान क्लब, बिजली बिल हाफ कृष्ण कुंज, सुराजी गांव योजना इत्यादि राज्य सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट एवं पुस्तकों का वितरण भी किया जा रहा है। छायाचित्र प्रदर्शनी को कमलेश, भुनेश्वर, ठाकुर राम,सुनील, देविका, उमेश, देव सिंह देव कुमार अशोक, धनाजी राम, कृष्णा भूआर्य, वीरेंद्र कुमार जैन, धनेश सुखेंद्र, कमलेश देव सिंह, त्रिभुवन सिन्हा, प्रभात हलदर, योगेश, चंद्रप्रकाश जैन, योगेश, गोलू, कोमल, रविंद्र गावडे ने अवलोकन किया।

# अटल की जयंती पर भाजपा ने मनाया सुशासन दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए भाजपा ने पूरे प्रदेश में विविध आयोजन कर अटलजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने सभी जगह पार्टी कार्यकर्ताओं व आम जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने आज अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर के अंतर्गत बेलतरा विधान सभा के बिरकोना में (बूथ क्रमांक 137) कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।**






उन्होंने अटलजी के सिद्धांतों के अनुरूप भारत विकास तथा देशवासियों की सेवा कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अनुसरण करने का आव्हान किया। भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर अटलजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल नैला, जांजगीर चाम्पा में बूथ क्रमांक 103 पर शिव चमन सिंह के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। अटल की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री के मन की बात छत्तीसगढ़ के अभनपुर मंडल के ग्राम पौंता, बूथ क्रमांकङ्क31 में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने सुनी तथा सभी से राष्ट्र विकास के साथ जनसेवा के लिए तत्पर रहने मार्गदर्शन दिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बूथ क्रमांक 222 पंचशील नगर तिफरा सिरगिटटी मंडल बिलासपुर में मन की बात सुनी एवं अटल की 98 वीं जयंती पर सुशासन दिवस मनाया। इस अवसर पर पार्षद मंडल कार्यकर्ता, वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रायपुर भाजपा ने प्रधानसेवक के मन की बात सुनी बूथ कार्यकर्ताओं के साथ आज प्राधनमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का छियानवे (96) एपिसोड था। भाजपा के पितृपुरुष श्रध्देय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर विशेष पर रायपुर में निवासरत सभी राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के नेताओं ने पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण एवं सूक्ष्म इकाई बूथों पर जाकर मोदी जी के मन की बात सुनी। सांसद सुनील सोनी ने बूथ पर कार्यकर्ताओं सहित मन की बात सुनी , वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों एवं आम जनता के साथ मन की4 सुनी। पूर्व मंत्री प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने माधव राव सप्रे वार्ड बूथ क्रमांक 255, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने सदर बाजार वार्ड में मन की बात सुनी ।मोतीलाल साहू ने बूथ नं 117 धनलक्ष्मी नगर भनपुरी, रायपुर ग्रामीण विधान सभा में मन की बात सुनी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्रमांक 9 बूथ क्रमांक 161, अवधेश जैन , इंदिरा गाँधी वार्ड में वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने , गोलबाजार में केदारनाथ गुप्ता, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नलिनेश ठोकने ने यात्रा के दौरान मन की बात सुनी। इसी तरह जिले के समस्त पदाधिकारियों महामंत्री द्वय , उपाध्यक्षगण, जिला मंत्री, कोषाध्यक्ष कार्यालय मंत्री ने अपने अपने बूथों पर मन की बात सुनी। मन की बात का अगला एपिसोड वर्ष 2023 का पहला एपिसोड होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने शुरुवाती संबोधन में कहा कि आप लोगों ने जो सन्देश भेजे, उनमें जाते हुए 2022 के बारे में बात करने को भी बड़े आग्रह से कहा है। अतीत का अवलोकन तो हमेशा हमें वर्तमान और भविष्य की तैयारियों की प्रेरणा देता है। 2022 में देश के लोगों का सामर्थ्य, उनका सहयोग, उनका संकल्प, उनकी सफलता का विस्तार इतना ज्यादा रहा कि मन की बात में सभी को समेटना मुश्किल होगा। इस वर्ष भारत ने अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे किये। आजादी के अमृतकाल में इस साल देश ने नई रफ़्तार पकड़ी। 2022 की विभिन्न सफलताओं ने आज पूरे विश्व में भारत के लिए एक विशेष स्थान बनाया है।

2022 यानि भारत द्वारा दुनिया की पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का मुकाम हासिल करना, 2022 यानि भारत द्वारा 220 करोड़ वैक्सीन का अविश्वसनीय आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड, 2022 यानि भारत द्वारा निर्यात का 400 बिलियन डॉलर का जादुई आंकड़ा पार कर जाना। उन्होंने अपने उद्बोधन में धर्म , समाज , विज्ञान, किसान, टेक्नोलॉजी , शिक्षा , चिकित्सा , व्यापार , वैश्विक भागीदारी, अंतरिक्ष क्षेत्र आदि में भारत को प्राप्त हुई उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख किया। अगस्त के महीने में चले हर घर तिरंगा अभियान की सफलता की भी चर्चा मोदी ने की। इस साल भारत को जी-20 समूह की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भी मिली है। उन्होंने कहा कि पिछली बार इस पर विस्तार से चर्चा भी की थी।

# छत्तीसगढ़ पुलिस के निजात अभियान को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज




**राजनांदगांव।** अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ चीफ्स ऑफ पुलिस (आईएसीपी) द्वारा तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव संतोष सिंह के कार्यकाल के दौरान राजनांदगांव पुलिस द्वारा चलाए गए नशा-विरोधी, निजात अभियान को संस्थागत श्रेणी के 'लीडरशिप इन क्राइम प्रिवेंशन' कैटेगरी में अमेरिका के प्रतिष्ठित आईएसीपी अवार्ड हेतु चुना गया है।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश और डीजीपी अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। निजात अभियान एक कार्यवाही व जागरुकता अभियान है, जिसमें अवैध नशे के सौदागरों पर सख्त कार्यवाही के साथ ही नशे विरुद्ध जनजागरुकता और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास शामिल है। इस चर्चित अभियान की शुरुआत पिछले वर्ष तत्कालीन एसपी कोरिया संतोष सिंह द्वारा किया गया था। उसके बाद राजनांदगांव और वर्तमान में कोरबा पुलिस सहित कई जिलों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसी वर्ष गृह मंत्रालय, भारत सरकार की संस्था पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) ने कोरिया पुलिस द्वारा शुरू किए गए निजात अभियान को देश के तीस सर्वोत्तम स्मार्ट-पुलिसिंग अभियानों में शामिल किया था। राजनांदगांव पुलिस के साथ ही गढ़चिरोली पुलिस के तत्कालीन एसपी अंकित गोयल के माओवाद विरोधी कार्यक्रम 'दादालोरा खिड़की' को संस्थागत श्रेणी के सामुदायिक पुलिसिंग कैटेगरी में आईएसीपी अवार्ड हेतु चुना गया है। संस्था द्वारा पुलिसिंग में किए गए बेहतर कार्यों के आंकलन के आधार पर इस अवार्ड के लिए चयन किया गया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पा चुके जीरो-टॉलरेंस कार्रवाई और व्यापक जन-जागरूकता वाले कार्यक्रम, निजात अभियान के अब कोरबा जिले में भी सार्थक परिणाम आने लगे हैं। वर्तमान में कोरबा जिले में निजात अभियान के तहत पुलिस नशीले पदार्थों और अवैध शराब की तस्करी को प्रभावी ढंग से रोकने में सफल रही है। जिले के थानों में नशे के आदी लोगों की काउंसलिंग के साथ ही नशा-मुक्ति कक्ष भी निर्माणाधीन है। अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। लोग नशे की लत छोड़कर सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए जिले के सभी कस्बों और दूर-दराज के गांवों में बैठक, रैली, नुक्कड़ नाटक, वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर आदि लगाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इस अभियान में समाज के सभी लोगों और वर्गों की सहभागिता हो रही है और व्यापक जन-समर्थन मिल रहा है।





















# विवाद के बाद लगी मूर्ति, प्रशासन ने सील किया गार्डन, अब कलेक्टर की कमेटी करेगी निर्णय



■ कैंप-2 वार्ड 37 में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की मूर्ति लगाने पर विवाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केंप-2 संत रविदास नगर वार्ड में रविवार को लंबे बवाल के बाद पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति लगा दी गई। प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में मूर्ति लगने के बाद गार्डन को धारा 145 सीआरपीसी के तहत सील कर दिया गया। अब गार्डन में मूर्ति का अनावरण समिति के निर्णय के बाद होगा। कलेक्टर की अध्यक्षता वाली इस कमेटी के सामने इस इस मामले को पेश करने की बात कही गई है।

बता दें आज केंप-2 वार्ड 37 के अंतर्गत बीएसपी की भूमि पर निर्मित गार्डन में भाजपा नेता व कार्यकर्ता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति लगाने पहुंचे थे। इसके लिए यहां एक समारोह का आयोजन किया गया। इससे पहले की मूर्ति लगाते स्थानीय लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। विरोध के बीच छावनी थाना प्रभारी नवी मोनिका पाण्डेय भी दलबल के साथ मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी। लेकिन देखते ही देखते यहां विवाद और बढ़ गया। इसके बाद मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार पहुंचे और उन्होंने मोर्चा संभाला।

### परमीशन नहीं दिखा सके भाजपा के लोग

मूर्ति स्थापना के लिए पहुंचे भाजपा नेताओं के पास उक्त भूमि पर मूर्ति लगाने के लिए बीएसपी का परमीशन ही नहीं था। उन्होंने मौके पर एक पत्र दिखाया जो कि भिलाई निगम के मदर टेरेसा नगर जोन के जोन आयुक्त द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र को परमीशन देने बाबत् लिखा गया है। इस मामले में सांसद विजय बघेल ने कहा कि बीएसपी के पास एनओसी के लिए लेटर भेजा गया लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं आया। एक महीने तक यदि संबंधित जगह से जवाब नहीं आता है तो उसे सहमति ही माना जाता है।

### घंटो चलता रहा बवाल

मूर्ति लगाने को लेकर शुरू हुआ बवाल काफी लंबा चला। सुबह से शाम हो गई लेकिन विवाद थमा नहीं। इस दौरान दो पक्षों के बीच झूमा झटकी भी हो गई। बीच बचाव करने पहुंचे सीएसपी छावनी प्रभात कुमार के साथ भी झूमा झटकी हुई। इसके बाद भी सीएसपी ने बड़ी ही सालीनता से पूरा मामला संभाला। इसके बाद भाजपा नेताओं का नेतृत्व करने सांसद विजय बघेल भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस की मौजुदगी में सांसद गार्डन में ही बैठे रहे। घंटो यहां तनाव बरकरार रहा। अंत में प्रशासन ने मूर्ति लगाने के बाद गार्डन को धारा 145 सीआरपीसी के तहत सील कर दिया। यहां पर 24 घंटे 4-1 का बल भी मौजूद रहेगा।

### पुलिस ने बंद कराई आसपास की दुकानें

विवाद को देखते हुए पुलिस ने आसपास की सभी दुकानों को बंद करा दिया था। यह पूरा क्षेत्र जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट व लिंक रोड से लगा हुआ है और रविवार होने के कारण भीड़ भी काफी थी। पुलिस ने किसी भी अनहोनी की आशंका से सभी दुकानों को बंद करा दिया। इस दौरान कई भाजपा नेता विवादित स्थल की ओर जाने लगे लेकिन पुलिस ने सभी को रोक लिया और किसी को जाने नहीं दिया। अंत में गार्डन में बैठे सभी लोगों को बाहर कर उसे सील किया गया।

## मुझ पर नहीं हुआ कोई हमलाः सीएसपी प्रभात कुमार



भिलाई। कैंप-2 वार्ड 37 में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति लगाने पर हुए विवाद के बाद सीएसपी छावनी आईपीएस प्रभात कुमार पर पथराव व हमले की बातें सामने आई थी। इस पर आईपीएस प्रभात कुमार ने बयान जारी कर कहा है कि उन पर कोई हमला नहीं हुआ है। सीएसपी छावनी प्रभात कुमार ने कहा है कि मुझ पर किसी के द्वारा कोई सीधा हमला या जानबूझकर असहज करने वाला धक्का नहीं दिया गया था। मुझे कोई चोट या खरोंच या यहां तक कि एक असहज धक्का भी नहीं लगाया गया। पुलिस द्वारा लोगों पर या लोगों द्वारा किसी पुलिसकर्मी पर किसी प्रकार का बल प्रयोग नहीं किया गया। दोनों पक्षों ने पुलिस का सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि उनके आदेश पर दोनों पक्षों की भीड़ 5 मिनट के सेट टाइम के भीतर तितर-बितर हो गई। फ़िलहाल विवादित स्थल पर व्यवस्था बहाल है, और किसी भी विवाद से निपटने के लिए पुलिस मौके पर मौजूद रहेगी।

### कलेक्टर की कमेटी करेगी निर्णय

गार्डन सील करने के बाद मौके पर मौजूद एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि गार्डन में अटल जी की मूर्ति स्थापना को लेकर विवाद की स्थिति थी । ऐसे मामलों के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में एक एनपावर्ड कमेटी बनी हुई है। इस विषय को उक्त कमेटी के सामने रखा जाएगा। फ्लिहाल यहां धारा 145 के तहत गार्डन को सील कर दिया गया है। कमेटी के निर्णय के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खास खबर

### आर्मी, वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ठग ने अच्छी पहचान का दावा कर आर्मी और वन विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा दिया और तीन लोगों से 10 लाख रुपए से ज्यादा ले लिए। नौकरी नहीं लगी तो मामला थाने पहुंचा और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है।

इस मामले में सेमरिया निवासी लक्ष्मीकांत साहू ने जून महीने में शिकायत की थी। उसने बताया था कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी दिलीप कुमार साहू से हुई थी। तब उसने कहा था कि मैं नौकरी लगवाने का काम करता हूं। इसके बाद लक्ष्मीकांत साहू ने भोलेनाथ साहू और गुलशन साहू से संपर्क किया और तीनों ने मिलकर आरोपी से बात की। उस दौरान आरोपी ने कहा कि तीनों के मिलाकर 12 लाख रुपए से ज्यादा पैसे लगेंगे। इसके बाद तीनों ने पिछले साल उसे 10 लाख रुपए दिया। फिर नौकरी लगने का इंतजार करते रहे। कई माह बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी, तब उससे संपर्क किया। लेकिन वह टालमटोल करने लगा। तब इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

### टिंबर मिल से अवैध आरा मशीनें जब्त, वन विभाग की कार्रवाई

**भिलाई।** शहर में अवैध आरा मशीन चलाने की शिकायत पर डीएफओ दुर्ग ने एसडीओ फॉरेस्ट टीम ने छापेमार कार्रवाई की। मेन मार्केट रामनगर सुपेला में के पास कई टिंबर की दुकानें हैं। यहां लकड़ी का चिरान कर दरवाजे, चौखट, चौकी और कई सामान बनाए जा रहे थे। इस क्षेत्र में अवैध रुप से भी आरा मशीनों के चलाए जाने की सूचना वन विभाग को मिली थी। वन विभाग को सूचना मिल रही थी कि श्री लक्ष्मी टिंबर और विजय टिंबर मार्ट के अंदर अवैध तरीके से मशीन चलाई जा रही है। वन विभाग की टीम ने रविवार शाम यहां छापेमारी की लोग लकड़ी चिरान करते मिले। इनके पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दे सके। वन विभाग के अधिकारियों ने दोनों मिल के अंदर बिना लाइसेंसी 2-2 आराम शीन बैंड-सॉ अवैध रूप से संचालित होती मिली। इस पर विभाग ने छत्तीसगढ़ काष्ट चिरान अधिनियम 1984 के तहत जब्ती कार्रवाई करते हुए चारों आरा मशीनों को सील किया। उसके बाद उन्हें गड्ढे से उखाड़कर पुलगांव डिपो ले जाया गया। मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जगदलपुर-बीजापुर हाईवे पर पलटी यात्री बस, दो की मौत, पांच यात्री घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे 163 पर रविवार तड़के यात्री बस पलट गई। यात्री बस के पलटने से इसमें सवार दो यात्रियों की मौत हो गई है, वहीं चार से ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं। हादसे की जानकारी वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के शव मरच्यूरी में रखवाया गया।

तेज रफ्तार बस में कुशवाहा ट्रेव्हल्स की बताई जा रही है। बांगापाल थाना से 2 किमी दूरी पर यह हादसा हुआ। यह हादसा तड़के 5 बजे के आसपास हुआ है। बताया जा रहा है कि बस चालक की को झपकी आ गई थी और इस वजह से बस अनियंत्रित हो गई और पलट कर सड़क किनारें जा गिरी। हादसे में दो यात्रियों की मौत होने के अलावा लगभग 5 लोग घायल हो गए। वहीं कुछ यात्रियों को मामूली चोटें भी आई हैं। बस में लगभग 25 यात्रियों के सवार होने की जानकारी मिली है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी भी पहुंचे और अस्पताल में घायलों की जानकारी ली और बेहतर इलाज का निर्देश दिया है।

# बच्चों के सामने पति ने टंगिया मारकर की पत्नी की हत्या

■ हत्या के बाद रिश्तेदारों व पुलिस को दी सूचना, कहा मैंने अपनी पत्नी को मार दिया

श्रीकंचनपथ न्यूज




**कोरबा।** यहां के सीएसईबी चौकी क्षेत्र में एक शख्स ने अपने बच्चों के सामने अपनी पत्नी की टंगिया मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद रिश्तेदारों व पुलिस को भी खुद ही बताया। आंखों के सामने मां को मरता देख बच्चे भी सदमें में है। घटना की सूचना के बाद सीएसईबी चौकी पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार नर्सरी पारा कोहडिया निवासी योगेंद्र श्रीवास अपनी पत्नी मंजीता श्रीवास और दो बच्चों साथ रहता है। योगेंद्र यहां के एक प्राइवेट अस्पताल में कंपाउंडर का काम करता है। घर पर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। शनिवार रात को भी दोनों के बीच विवाद होने लगा। इस दौरान उसके दोनों बच्चे भी मौके पर मौजूद रहे। विवाद इतना बढ़ा कि योगेन्द्र ने आपा खो दिया और बच्चों के सामने ही पत्नी मंजीता पर टंगिया से ताबड़तोड़ वार कर दिया।

इससे मंजीता लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद दोनों बच्चे काफी सहम गए। इधर हत्या के बाद योगेन्द्र ने पुलिस व रिश्तेदारों को फोन कर बताया कि मैंने अपनी पत्नी को मार दिया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी योगेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। बच्चों को रिश्तेदारों को सौंपा गया है। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

# महादेव बुक आईडी के 18 सटोरिए गिरफ्तार रायपुर पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** दुर्ग पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद अब रायपुर पुलिस भी सटोरियों के खिलाफ पूरे एक्शन मोड में काम कर रही है। दुर्ग पुलिस द्वारा दर्जनों महादेव बुक के सैकड़ों सटोरियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है। इसी एक्शन मोड में अब रायपुर पुलिस भी मैदान में है औार ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है।

अब रायपुर पुलिस ने महादेव बुक (सट्टे) के खिलाफ 18 सटोरियों को पकड़ा है। जिनके पास से करोड़ों रुपए के लेन-देन का हिसाब मिला है। महादेव बुक ऐप के जरिए अभी भी पूरे प्रदेश से सटोरियों का बड़ा रैकेट चल रहा है। रायपुर पुलिस की इस कार्रवाई में इनके पास से 7 लैपटॉप, 28 मोबाइल फोन, 6 लैपटॉप के चार्जर, 2 राउटर,1 एटीएम कार्ड मिला है। ये सटोरिए महादेव ऑनलाइन सट्टा लाईव केसिनो, पोकर गेम, लूडो, फुटबॉल के गेम पर हार जीत का दांव लगाते थे। इनके पास से करोड़ों के सट्टा का हिसाब-किताब लिखे 6 रजिस्टर भी मिले हैं।

रायपुर पुलिस ने दिल्ली में सट्टेबाजों के ठिकानों पर छापा मारा। यहां पुलिस को नवादा मेट्रो स्टेशन पास स्थित कमरे में 8 व्यक्ति मिले, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम फारुख रंगरेज, मोह. समीर, अभिमन्यु सिंह, विवेक सिंह, दिलीप कुमार वर्मा, संजय कुमार, तुषार नागदेव तथा तुषार कुमार साहू होना बताया। इसके साथ ही नवादा फिटनेस जिम पास स्थित कमरे में भी 8 व्यक्ति उपस्थित पाये गये, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम राज साहनी, सतीश कुमार, रोहित लाल, राहुल कुमार, चंदन देवांगन, इम्तियाजुद्दीन, रितु सिंह एवं धनंजय सिंह होना बताया। इन सभी को अरेस्ट किया गया।

### पुलिस को मिला इनपुट और इस तरह से धरे गए सटोरिए

पुलिस को खबर मिली थी कि स्टेशन के पास एक व्यक्ति लैपटॉप में महादेव ऐप के आईडी से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन कर रहा है। इसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बलराम पाठक बताया। ये दुर्ग का रहने वाला निकला। उसने बताया कि मैं अपने अन्य साथी फारुख रंगरेज, मोह. समीर, अभिमन्यु सिंह, विवेक सिंह, दिलीप कुमार वर्मा, संजय कुमार, तुषार नागदेव, तुषार कुमार साहू के साथ ये काम कर रहा था। ये सभी वर्तमान में दिल्ली के नवादा मेट्रो स्टेशन पास एक कमरे में हैं। रायपुर के गोलबाजार इलाके की पुलिस को इनपुट मिला कि शास्त्री मार्केट स्थित मेजबान होटल के पास एक व्यक्ति को मोबाइल फोन में महादेव ऐप का आईडी बनाकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चला रहा है। जब यह शख्स पुलिस की पकड़ आया तो पता चला कि यह दुर्ग का रहने वाला समीर खान है। इसने बताया कि इसके बाकी साथी राज साहनी, सतीश कुमार, रोहित लाल, राहुल कुमार, चंदन देवांगन, इम्तियाजुद्दीन, रितु सिंह एवं धनंजय सिंह भी दिल्ली से इसके साथ सट्टे के धंधे में हैं।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### वर्मी कंपोस्ट बेचकर कमाये सवा तीन लाख रुपए, बचत से ले लिया छोटा हाथी वाहन

**दुर्ग।** पहले मैं हाउसवाइफ थी। घर में काम के बाद काफी समय बचता था और उसका उपयोग नहीं हो पाता था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जब गौठान आरंभ किये और आजीविकामूलक गतिविधियां आरंभ कराईं तब मैंने भी गौठान से जुड़ने का निश्चय किया। गोबर से वर्मीकंपोस्ट बनाने का काम शुरू किया। फिर समूह ने सवा तीन लाख रुपए का वर्मी कंपोस्ट बेचा। इसे आसपास के किसानों को क्रय किया। इसके लिए गाड़ी की जरूरत महसूस हुई। फिर एक छोटा हाथी वाहन ले लिया। इससे आसपास वर्मी कंपोस्ट भेजना आसान हो गया। अब गाड़ी किराये पर भी चल जाती है। अतिरिक्त आय का स्रोत भी आरंभ हो गया। रेवती बताती हैं कि महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार ने बड़ा काम किया है। हम लोगों का आत्मविश्वास बहुत बढ़ गया है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने अभी शुरूआत ही की है और इतने अच्छे नतीजे हमको मिले हैं।

### क्षतिग्रस्त सक्शन लाइनों के चुनौतीपूर्ण मरम्मत कार्य को सफलतापूर्वक दिया अंजाम

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में अपनी तरह के पहले काम में, जल प्रबंधन विभाग की मैकेनिकल 1 टीम ने पंप हाउस (पीएच) 3ए में पंप पी6 और पी8 में जंग लगी और क्षतिग्रस्त सक्शन लाइन की पानी के भीतर मरम्मत और सुधार का काम सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। पंप हाउस 3 और 3ए रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल, मर्चेंट मिल और वायर रॉड मिल से मिल स्केल वाले पानी को संभालते हैं। लगभग 2000 क्यूबिक टन प्रति घंटा की दर से कार्य करने वाले कुल 11 पंप और एक छोटी क्षमता का पंप है। इस पानी को एक वितरण कक्ष में पंप करते हैं, जहाँ से पानी को हॉरीजोन्टल सेकेण्डरी सेटलिंग टैंकों में ले जाया जाता है, जहाँ पानी को बड़े हॉरीजोन्टल टैंकों में स्थिर रहने दिया जाता है। तत्पश्चात् यह निर्मल जल मरौदा जलाशय में प्रवाहित होता है और स्थिर मिल स्केल को ग्रैब क्रेन द्वारा बाहर निकाला जाता है और निपटान किया जाता है। स्केल से भरे पानी के निरंतर प्रवाह के कारण, सक्शन पाइप जो पंप के सक्शन अंत तक पानी को संप से ले जाते हैं, बुरी तरह खराब हो गए थे और यहां तक कि कई स्थानों पर टूट गए थे। पंप हाउस के अंदर का सक्शन पाइप भी छिद्रित होने के कारण पंप हाउस के अंदर रिसाव हो गया था। पंप हाउस के अंदर के सक्शन पाइप को कंक्रीट कास्ट के एक ब्लॉक में बंद कर दिया गया था। करीब एक दशक से पंप नंबर 6 सक्शन लाइन खराब होने के कारण बंद पड़ा था। चूंकि एक या दूसरी मिल के संचालन के कारण सम्प कभी भी सूखे की स्थिति में उपलब्ध नहीं हो सकते थे और पानी हमेशा लगभग जीरो विजिबिलिटी के साथ बड़े पैमाने पर स्केल से भरा हुआ था, इसका पारंपरिक तरीकों से मरम्मत का काम कभी नहीं किया जा सकता था। पानी के भीतर मरम्मत कार्य से जुड़े संगठनों के साथ विचार-मंथन और विचारों के आदान-प्रदान के बाद, यह निर्णय लिया गया कि मूल जंग लगे पाइप के अंदर एक मामूली छोटे व्यास का पाइप डालकर समस्या का समाधान किया जाए और कुंडलाकार स्थान को सिरों पर एपॉक्सी से सील किया जाए।

निरमा के एड की तरह ही बताती हूँ पहले मेरे वाशिंग पाउडर को इस्तेमाल करो, फिर विश्वास करो

# निरमा की तरह का यूनिक वाशिंग पाउडर ब्रांड किया तैयार

### पथरिया डोमा की पुष्पलता पारकर की कहानी, इस साल डेढ़ लाख रुपए निरमा बेचकर आय अर्जित की

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। पथरिया डोमा की पुष्पलता की कहानी उद्यम का सपना लिये उन महिलाओं के लिए प्रेरक साबित हो सकती है जिनके मन में काफी उत्साह और मेहनत करने के लिए काफी ऊर्जा है। पुष्पलता पारकर ने साल भर पहले ही पंचायत विभाग से ट्रेनिंग लेकर वाशिंग पाउडर बनाने का काम सीखा।

### पंद्रह गांवों में बेचती हैं बेचने के लिए लिया ई-रिक्शा भी



अपना ब्रांड काफी अच्छा हो, इसके लिए क्वालिटी में काफी मेहनत की। फिर गांव-गांव अपने प्रोडक्ट को लेकर घूमी। शुरूआती दौर में लोगों ने प्रश्न पूछा कि आपसे क्यों लें जब वाशिंग पावडर के दूसरे नेशनल ब्रांड हमारे पास उपलब्ध हैं। तब निरमा की टैगलाइन की तरह ही उन्होंने कहा कि एक बार आप इस्तेमाल कर देखिए, फिर आपको भरोसा होगा कि सस्ती कीमत में यह वाशिंग पाउडर पूरी गुणवत्तायुक्त है। धीर-धीरे बाजार खड़ा हो गया। फिर सी-मार्ट में भी इनका प्रोडक्ट उपलब्ध हो गया। आसपास के पंद्रह गांवों में इनका सामान जाने लगा। जब काफी माँग आने लगी तो इन्होंने ई-रिक्शा खरीद लिया। यह उन्होंने बिहान के माध्यम से लोन में लिया। ई-रिक्शा के माध्यम से पुष्पलता सामान छोड़ती हैं। पुष्पलता ने बताया कि वे स्वयं ई-रिक्शा चलाती हैं उनके पति भी इसे चलाते हैं। धीरे-धीरे काम को विस्तार देना है। पुष्पलता ने बताया कि यह काम करके काफी अच्छा लग रहा है। आत्मविश्वास बढ़ गया है। हमारी एक ट्रेनिंग हुई थी, ट्रेनिंग में बताया गया कि आप बाजार में तभी लंबे समय तक रह सकते हैं जब सस्ती कीमत में अच्छी चीजें दें, मैं गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं करती। कड़ी मेहनत करती हूँ इसलिए पैसे भी बचते हैं। पुष्पलता केवल अपने बिजनेस में निवेश नहीं कर रही। अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य में भी निवेश कर रही हैं। उनकी बेटी ख्याति स्वामी आत्मानंद स्कूल बोरी में पढ़ रही है। ई-रिक्शा से उन्हें एक लाभ और हुआ है। ई-रिक्शा के माध्यम से वो सैजेस के बच्चों को भी स्कूल तक छोड़ती हैं।

# 99वें जन्मदिवस पर रफी साहब की याद में सजी सुरों की महफिल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कालजयी पार्श्व गायक मो. रफी साहब को उनके 99वें जन्मदिवस पर भिलाई के रफी फैन्स ने स्वरांजलि दी. मेटर्जिकल म्यूजिक मेकर्स के संस्थापक ज्ञान चतुर्वेदी की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक रफी फैन शामिल हुए. संगीत प्रेमी भागवत टावरी की मेजबानी में आयोजित इस कार्यक्रम में देश विदेश में जाकर बस गए भिलायन्स ने अपनी भागीदारी दी. इस अवसर पर रफी फैन्स ने उनके जीवन से जुड़े अनेक संस्मरणों एवं प्रसंगों को भी याद किया.

इस सुरमयी महफिल में ज्ञान चतुर्वेदी के अलावा राजवीर सरन दास, राकेश झा, संदीप घुले, सतीश जैन, हरिन्दर सिद्धू, डॉ शशिभूषण साहू, भागवत टावरी, दीपक रंजन दास ने रफी साहब से गीतों को अपनी आवाज दी. भागवत टावरी ने 'आप के हसीन रुख पे आज नया नूर है', 'तुम कमसिन हो नादान हो' पेश किया. संदीप घुले ने 'मुझे दर्दे दिल का पता न था', 'मेरे महबूब तुझे मेरी मुहब्बत की कसम' की खूबसूरत प्रस्तुति दी.

राजवीर सरन दास ने 'ये चांद सा रौशन चेहरा' और 'पुकारता चला हूं मैं..' को खूबसूरत अंदाज के साथ प्रस्तुत किया. 'मेरी मोहब्बत जवां रहेगी' और 'न झटको जुल्फसे पानी..' को अपनी पुरकशिश आवाज में ज्ञान चतुर्वेदी ने प्रस्तुत किया. हरिन्दर सिद्धू ने 'सुहानी रात ढल चुकी', सतीश जैन ने 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' और 'कई सदियों से, कई सदियों से' की शानदार प्रस्तुति दी।

# उत्साह से मनाई परम् पूज्य गुरु घासीदास जी की जयंती, शोभा यात्रा को महापौर ने दिखाई झंडी

### परम् पूज्य गुरु घासीदास के बताएं मार्ग पर चलकर हमें आगे बढ़ने की जरूरत : महापौर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत तितुरडीह वार्ड क्रमांक 22 जयस्तम्भ चौक मे परम् पूज्य गुरु घासी दास जयंती बड़े धूम-धाम से मनाया गया।आयोजक समिति एवं समाज के लोगों द्वारा सफ़ेद झण्डा लेकर डी. जे. धुन में शोभा यात्रा निकाल कर सत्य नाम का सन्देश शहर में पहुचाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल ने पूजा अर्चना कर परम् पूज्य संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा आशीर्वाद लिया,उत्साह से मनाई परम् पूज्य गुरु घासीदास जी की जयंती, शोभा यात्रा को महापौर धीरज बाकलीवाल ने एमआईसी सदस्य दीपक साहू,पार्षद काशीराम कोसरे के साथ दीपप्रज्जवल कर दिखाई हरी झंडी, समाज के लोगो ने शोभा यात्रा निकाल कर दिया सत्यनाम का संदेश

सतनाम समाज द्वारा रविवार को परम् पूज्य संत शिरोमणि गुरू घासीदास की जयंती के उपलक्ष्य में सतनाम ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पंथी नृत्य व पंथी गीत गाकर परम् पूज्य गुरू घासीदास की झांकी के साथ श्वेत



वस्त्र में समाज के सदस्यों ने इस दौरान जय सतनाम के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण किया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि हमें परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलकर आगे बढ़ने की जरूरत है। बाबा प्रेम एवं सद्भावना के प्रतीक थे। उन्होंने सत्य अहिंसा और मानव मानव में समानता का संदेश दिया। इन संदेशों को हम सबको अपने जीवन में उतारना चाहिए। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में आपसी भाई-चारा, सामाजिक समरसता, प्रेम और सद्भावना को और मजबूत किया जा सकता है।

इस दौरान सतनाम समाज परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास जंयती के पावन पर्व पर हुआ भव्य आयोजन-निकली सुज्जित सतनाम रथ के साथ विशाल शोभा यात्रा निकली गई !रविवार को सतनामी समाज ने परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास की 266 वीं जयंती मनाई। परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास पर्व 18 से 31 दिसम्बर तक धूमधाम से मनाया जाएगा।इस दौरान परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास के सतनाम के संदेश को लोगों तक पहुंचा। रैली शहर के विभिन्न चौक से होकर गुजरी। जहां कई समाज के लोगों ने रैली का स्वागत किया। बाबा के भजन गूंजे। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सरोज कोसरे,विजय,शिव बंजारे,अजय कोसरे,सूचित बंजारे,कैलाश खुटेल, रेवती सरिता मनोज दशहरे राजू पटेल बंटी ठाकुर रजत ठाकुर विनोद बंजारे अजीत खुटेल एवं सतनामी समाज के प्रबुद्ध जन सहित राजू,वर्षा,रूपरेखा बंजारे,प्रमोद,देबू, संतोष बंजारे समेत भारी संख्या मे समाज के लोग उपस्थित रहे।

नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी कु शैलजा से विधायक वोरा ने की सौजन्य मुलाकात

# संगठनात्मक चर्चा के साथ ही बताई सरकार की उपलब्धियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी कु शैलजा के प्रथम राज्य आगमन पर उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान वोरा ने संगठनात्मक चर्चा करने के अलावा उन्हें मोतीलाल वोरा के प्रतिमा अनावरण हेतु आमंत्रित भी किया।



प्रदेश सरकार के क्रियाकलापों एवं जनकल्याण की योजनाओं के बारे में बताते हुए वोरा ने कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही सरकार राज्य की पुरातन सभ्यता सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ ही नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण एवं सुलभ सुराज में पूरे देश मे अव्वल है। उन्होंने प्रभारी को बताया कि अन्नदाताओं को ना सिर्फ धान का बल्कि कई अन्य फसलों के लिए सर्वाधिक समर्थन मूल्य दिया जा रहा है, आदिवासी क्षेत्रों में वनोपजों की खरीदी, भूमिहीन मजदूर न्याय, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना से प्रदेश की जनता लगातार आर्थिक रूप से सशक्त एवं सम्पन्न हो रही है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश एवं मॉडल बन कर उभरा है, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय, कॉलेज खोले जाने एवं शासकीय अस्पतालों में लगातार सुविधाओं के विस्तार आधुनिकीकरण व धन्वंतरि सस्ती दवा दुकानों से ना सिर्फ आम जनता को स्तरीय सुविधाएं एवं बचत प्राप्त हो रही है बल्कि निजी क्षेत्रों की मनमानी पर भी रोक लगी है। राम वनगमन पर्यटन परिपथ, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जैसे कार्यों से प्रदेश वासियों को पुरखों के गौरव का आभास हुआ है। लगातार शासकीय पदों पर भर्ती एवं राजीव युवा मितान जैसी योजनाओं के कारण सम्पूर्ण देश मे सबसे कम बेरोजगारी दर छत्तीसगढ़ में दर्ज की गई है। अब चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई की पहल की गई है जिससे लाखों युवा लाभान्वित होंगे।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ ही हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार वैश्विक पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल रही है। कु शैलजा ने वोरा को बधाई देते हुए श्री मोतीलाल वोरा के प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होने आश्वस्त किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप जुनेजा भी मौजूद थे।

# सांई पब्लिक स्कूल मनाया गया 12वां वार्षिक उत्सव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सांई पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर अरुण सिंह सिसोदिया (महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी-छत्तीसगढ़) एवं मोहम्मद इरफान खान (सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी - छत्तीसगढ़ ) मौजूद रहे।

छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधार्थियों ने नाटक एवं नृत्यों की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नृत्य, देश भक्ति गान, नृत्य, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ आदि का मंचन नाटक के माध्यम से किया गया। छात्र-छात्राओं ने सामाजिक समस्याओं को उठाते हुए समाज में जागृति लाने के लिए प्रेरित किया।

कर्ण वध ने दुखी किया तो भीम-दुर्योधन युद्ध ने जोश भरा

# ग्राम बासीन में पंडवानी गुरु झाड़ूराम देवांगन की याद में 3 दिवसीय पंडवानी समारोह का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। पंडवानी के पुरोधा और गुरु दिवंगत झाड़ू राम देवांगन के गृह ग्राम बासीन भिलाई में छत्तीसगढ़ आदिवासी लोक कला अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित पंडवानी समारोह रविवार को देर रात तक चला। आखिरी दिन खचाखच भरे आयोजन स्थल में महाभारत के अलग-अलग प्रसंगों की कलाकारों ने सधी हुई प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों को देखने सुनने हजारों की तादाद में स्थानीय सहित आस-पास के तमाम ग्रामवासी मौजूद थे।



तीसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत पंडवानी के पुरोधा दिवंगत झाड़ूराम देवांगन के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पण के साथ हुई। छत्तीसगढ़ आदिवासी लोककला अकादमी के अध्यक्ष नवल शुक्ल ने पंडवानी गुरु झाड़ूराम देवांगन के पंडवानी के प्रति योगदान का स्मरण किया। ग्राम बासीन के पंच-सरपंचों ने भी स्व. झाड़ूराम देवांगन को अपनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एक के बाद एक पंडवानी के सिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इन सभी पंडवानी कलाकारों का संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मान किया गया। शुरुआत में अर्जुन सेन ने कापालिक शैली में द्रोण पर्व व जयद्रथ पर्व प्रसंग सुनाया। इस दौरान रागी के साथ उनका तालमेल खूब सराहा गया। प्रभा यादव ने कर्ण पर्व व कर्ण वध का दृश्य मंच पर सजीव कर दिया। कर्ण वध का मार्मिक चित्रण उन्होंने पंडवानी के माध्यम से किया, जिससे ग्रामीण भी भावुक हो गए। भिलाई से पहुंची उषा बारले ने भीम-दुर्योधन युद्ध का जीवंत चित्रण किया। इस दौरान ऊषा ने तंबूरे के साथ अपने अभिनय का प्रदर्शन करते हुए युद्ध के दृश्य में वीर रस का पुट दिया, जिससे उपस्थित ग्रामीणों बेहद सराहा। भिंभौरी बेरला की प्रख्यात पंडवानी कलाकार शांति बाई चेलक ने भीष्म अम्बा संवाद से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। तीन दिवसीय इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत बासीन सरपंच के प्रमोद साहू,उप सरपंच पोषण सोनी,कुंज बिहारी देवांगन,ओमप्रकाश साहू,पुनीत वर्मा,डॉ.अवध सोनी,डॉ. तरुण वर्मा,डॉ. त्रिलोकी वर्मा,राम खिलावन कौशिक,थानू राम बंछोर,राकेश बंछोर,तीरथ साहू,चंद्रिका साहू,रोशन साहू,शम्भू निषाद,मुकेश बंछोर,केजू यादव,मन्नू यादव और बिसनाथ साहू सहित बासीन के समस्त ग्राम वासियों का योगदान रहा।

### तमाम शैलियां एक मंच पर :शुक्ल

छत्तीसगढ़ आदिवासी लोककला अकादमी के अध्यक्ष नवल शुक्ल ने बताया कि पूरा आयोजन बेहद सफल रहा। पंडवानी गुरु झाड़ूराम देवांगन ने जो बीजारोपण किया था, अब वह वट वृक्ष बन चुका है और पंडवानी के कई कलाकार देश-विदेश और स्थानीय स्तर पर अपनी प्रस्तुतियों से इस कला को ऊंचाइयां दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है, जब एक ही मंच पर पंडवानी की दोनों शैलियों में भी अलग-अलग ढंग के प्रस्तुतिकरण देखने को मिले। इससे ग्रामीणों को पंडवानी विधा को और करीब से देखने-समझने का अवसर मिला।

# रामकथा का दूसरा दिन: राम-भरत प्रसंग का मर्म जानकर भावुक हुए श्रोता

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रभु श्रीराम के अनुग्रह एवं सतगुरु स्वामी शिवानंद की कृपा से शिवानंद योग निकेतन नेहरू नगर द्वारा राम कथा की कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर के परिसर में भक्तिमय माहौल में जारी है। यहां विराजमान कथा व्यास पंडित नीलमणि दीक्षित नित्य सत्संग परिवार दमोह मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन भक्तों को राम-भरत प्रसंग का मर्म बताया। जिसमें रामजी की अयोध्या वापसी के लिए अनुरोध करते भरत की दशा को उन्होंने भक्तों के बीच रखा। इस प्रसंग में श्रोता भी बेहद भावुक हो गए।



राम कथा के दूसरे दिन रविवार को मदन मोहन त्रिपाठी दंपति ने पूजन किया, इसके उपरांत विधिवत कथा प्रारम्भ की गयी।नरेश खोसला ने विधिवत रामायण का पूजन व पंडित नीलमणि का पुष्प माला से स्वागत किया। कथा वाचक पं. नीलमणि ने भरत चरित्र पर बेहद विस्तार से चर्चा की। जिसमे भरत द्वारा राम जी से वन में प्रजा के साथ वनवास से अयोध्या वापस लाने हेतु प्रस्थान किया गया।

इस प्रसंग का मार्मिक वर्णन पं. नीलमणि ने किया जिससे सभी श्रोताओं की आँखे भर आई। अंत में आरती कर पूजा कर समापन हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। आयोजन में 30 दिसंबर तक रोजाना मध्यान्ह 3 बजे से शाम 6 बजे तक राम कथा जारी रहेगी, जिसमें कथा व्यास पंडित नीलमणि दीक्षित विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भक्तों के सम्मुख कथा वाचन करेंगे। शिवानंद योग निकेतन भिलाई के गोपाल दुबे ने समस्त राम भक्तों से इस अवसर पर पुण्य लाभ लेने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का आग्रह किया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950